Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 30 | गुरुवार, 30 जनवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

दर्दनाक हादसा

# महाकुंभ भगदड़ में 30 लोगों की मौत, 60 घायल

**प्रयागराज।**



इस भगदड़ में 60 लोग घायल हुए हैं। 30 में से 25 मृतकों की पहचान हो चुकी है। भारी भीड़ के चलते यह भगदड़ मची थी। हालांकि राहत की बात यह रही कि कुछ देर के अफरा तफरी के बाद स्थिति को पूरी तरीके से नियंत्रित कर लिया गया।

प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान मैचे भगदड़ में 30 लोगों की जान गई है। इस बात की जानकारी उत्तर प्रदेश के अधिकारियों ने दी है। महाकुंभ नगर मेला क्षेत्र के डीआईजी वैभव कृष्ण ने बताया कि भगदड़ मचने के बाद हमने ग्रीन कॉरिडोर बनाया। उसके बाद घायलों को अस्पाताल पहुंचाया गया। इस भगदड़ में 60 लोग घायल हुए हैं। 30 में से 25 मृतकों की पहचान हो चुकी है। भारी भीड़ के चलते यह भगदड़ मची थी। हालांकि राहत की बात यह रही कि कुछ देर के अफरा तफरी के बाद स्थिति को पूरी तरीके से नियंत्रित कर लिया गया। डीआइजी वैभव ने कहा कि आज किसी भी वीआईपी का इलाज नहीं किया गया और महाकुंभ में मौजूद हर व्यक्ति का इलाज बिना प्रोटोकॉल के किया गया।

**मेला प्रशासन ने जारी किया आंकड़ा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे को अत्यंत दुखद करार दिया और इसमें अपने परिजनों को खोने वाले श्रद्धालुओं के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। इस बीच, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने भगदड़ को विपक्ष की साजिश बताते हुए इसे जांच का विषय करार दिया है। हादसे के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चार बार बात करने के बाद मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह उत्तर प्रदेश सरकार के साथ निरंतर संपर्क में बने हुए हैं। बाद में दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर करतार नगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, जो दुःखद हादसा हुआ है, उस हादसे में हमें कुछ पुण्यात्माओं को खोना पड़ा है, कई लोगों को चोट भी आई है। मैं प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने कहा, मैं उत्तर प्रदेश सरकार के साथ निरंतर संपर्क में हूं। मौनी अमावस्या की वजह से करोड़ों श्रद्धालु आज वहां पहुंचे हुए हैं। कुछ समय के लिए स्नान की प्रक्रिया में रुकावटें आई थी। लेकिन अब कई घंटों से सुचारू रुप से श्रद्धालु स्नान कर रहे हैं। मैं एक बार फिर परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगदड़ के बाद स्थिति की समीक्षा के लिए लखनऊ में मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक समेत अनेक वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि हादसे में कुछ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हादसे के बाद प्रातःकाल से ही प्रधानमंत्री मोदी ने लगभग चार बार हाल-चाल लिया है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने भी हादसे के संबंध में जानकारी ली है।

## महाकुंभ हादसे पर भावुक हुए सीएम योगी मृतकों के परिजनों को 25 लाख की सहायता

**प्रयागराज।**



सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि घटना दिल दहला देने वाली है। हम उन सभी परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। हम कल रात से लगातार प्रशासन के संपर्क में हैं। मेला प्राधिकरण, पुलिस, प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अन्य जो भी व्यवस्थाएं की जा सकती थीं, उन्हें वहां तैनात कर दिया गया है।

महाकुंभ में हुए हादसे के उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने मृतक के परिजनों को 25 लाख की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है। सीएम योगी ने कहा कि 30 के आसपास लोगों की मृत्यु हुई है। इसके साथ ही पुलिस के स्तर से भी जांच की बात सीएम योगी की तरफ से कही गई है। महाकुंभ में मची भगदड़ पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मौनी अमावस्या पर पवित्र डुबकी लगाने के लिए कल शाम 7 बजे से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज में एकत्र हुए थे। अखाड़ा मार्ग पर एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई जिसमें 90 से अधिक लोग घायल हो गए और 30 लोगों की मौत, 36 लोगों का इलाज चल रहा है, भीड़ ने अखाड़े के बैरिकेडिंग तोड़ दी।

## नितेश राणे ने शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र, बोले- बुर्का पहनकर बोर्ड परीक्षा देने पर लगे पाबंदी

**नई दिल्ली।** राणे ने कहा कि ऐसे मामले सामने आए हैं जहां छात्रों ने बुर्का पहना हुआ था, इसलिए धोखाधड़ी और नकल की घटनाएं सामने आई हैं। महाराष्ट्र में ये सब नहीं होना चाहिए, इसलिए मैंने संबंधित मंत्री को पत्र लिखा है। महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने शिक्षा मंत्री दादा भुसे को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि संभावित नकल की चिंताओं का हवाला देते हुए 10वीं और 12वीं राज्य बोर्ड परीक्षा केंद्रों में किसी को भी बुर्का पहनकर प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

## 'प्रयागराज से जितनी जरूरत हो उतनी ट्रेन चलाएं'



**नई दिल्ली।**

रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने कहा कि रेल मंत्री वैष्णव ने अधिकारियों को स्थिति पर नजर रखने और योजना के साथ-साथ बढ़ती जरूरतों के हिसाब से ट्रेनों का संचालन करने का निर्देश दिया है। महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में हुई भगदड़ के बाद, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को ट्रेन सेवाओं की समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रयागराज में यात्रियों की बढ़ती जरूरतों के हिसाब से ट्रेनें चलाई जाएं। रेल मंत्रालय के प्रेस नोट के अनुसार, महाकुंभ में भगदड़ के बाद रेल मंत्री वैष्णव ने यात्रियों की सुविधाओं औ? ट्रेन संचालन की निगरानी के लिए रेल भवन में स्थापित 24७7 वॉर रूम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ट्रेन सेवाओं की समीक्षा की। रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने कहा कि रेल मंत्री वैष्णव ने अधिकारियों को स्थिति पर नजर रखने और योजना के साथ-साथ बढ़ती जरूरतों के हिसाब से ट्रेनों का संचालन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि रेलवे मौजूदा परिदृश्य से उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। प्रेस नोट में यह भी बताया गया कि रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार ने ट्रेन संचालन की निगरानी के लिए पूरे दिन वॉर रूम में मौजूद रहकर सुनिश्चित किया कि प्रयागराज से ट्रेन सेवाओं को उच्च प्राथमिकता दी जाए।

## पीएम ट्रूडो को कनाडाई आयोग ने दिखाया आईना



**नई दिल्ली।** कनाडा के आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में किसी विदेशी संलिप्तता का कोई ठोस सबूत नहीं मिला। बता दें कि भारत का विदेश मंत्रालय भी कई मौकों पर ट्रूडो के बेबुनियाद आरोपों का पुरजोर खंडन कर चुका है। कनाडा के एक आयोग ने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के उन आरोपों को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि कनाडाई सिख कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों का हाथ है। आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि निज्जर की हत्या में किसी विदेशी संलिप्तता का कोई ठोस सबूत नहीं मिला। बता दें कि भारत का विदेश मंत्रालय भी कई मौकों पर ट्रूडो के बेबुनियाद आरोपों का पुरजोर खंडन कर चुका है। यह भी दिलचस्प है कि ट्रूडो आंतरिक राजनीति में बढ़ते विरोध के कारण प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार, यह हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में संदिग्ध भारतीय संलिप्तता के बारे में पीएम ट्रूडो की घोषणा के बाद चलाए गए गलत सूचना अभियान के मामले में हो सकता है।

'संघीय चुनावी प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विदेशी हस्तक्षेप की सार्वजनिक जांच' शीर्षक वाली रिपोर्ट मंगलवार को जारी की गई। रिपोर्ट में आयुक्त मैरी–जोसी हॉग ने कहा कि 'गलत सूचना का इस्तेमाल किसी देश के हितों के विपरीत जाने वाले निर्णयों को दंडित करने के लिए प्रतिशोधात्मक रणनीति के रूप में किया जाता है।'

'मुखौटा लगाकर छल की सियासत कर रहे जातिवादी दल'

## मायावती ने साधा निशाना, देशभर में संगठन में बदलाव करेगी बसपा

**नई दिल्ली।**



जिस अनुसूचित जाति वर्ग के वोटबैंक के सहारे बहुजन समाज पार्टी ने यहां तक राजनीति का सफर तय किया है, अब उस वोटबैंक के लिए कई दलों में प्रतिस्पर्धा है। इसे लेकर बसपा प्रमुख मायावती चिंतित हैं। दलित वोटबैंक को अपनी ओर खींचने की होड़ में लगी कांग्रेस, भाजपा और सपा को निशाने पर लेते हुए उन्होंने यह भी कहा कि यह जातिवादी पार्टियां मुखौटा लगाकर छल की राजनीति कर रही हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने बुधवार को नई दिल्ली में पार्टी की अखिल भारतीय बैठक बुलाई, जिसमें केंद्रीय पदाधिकारी, स्टेट को-आर्डिनेटर और प्रदेश अध्यक्ष शामिल हुए।

## सरकार का आग्रह- प्रयागराज की उड़ानों का उचित किराया रखें एयरलाइन

**नई दिल्ली।** महा कुंभ के कारण प्रयागराज जाने वाली उड़ानों का किराया बढ़ा था, जिस पर विमानन मंत्रालय ने एयरलाइनों से उचित किराया बनाए रखने की अपील की। इसके बाद, इंडिगो ने किराए में 30–50% की कमी की और एयर इंडिया ने अपनी सेवाएं बढ़ाईं।

## फिर से इजरायल जा पाएंगे भारतीय

**नई दिल्ली।** इजरायल-हमास युद्ध के बीच पिछले साल अगस्त में सेवाओं को निलंबित करने के बाद एअर इंडिया दो मार्च से तेल अवीव के लिए सीधी उड़ानें फिर से शुरू करेगी। एयरलाइन ने बुधवार को कहा कि नई दिल्ली से इजरायल के तेल अवीव के लिए पांच साप्ताहिक उड़ानें संचालित की जाएंगी।



एयरलाइन अपने बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान को इस मार्ग पर तैनात करेगी, जिसमें बिजनेस क्लास में 18 फ्लैट बेड और इकोनॉमी क्लास में 238 सीटें होंगी। नॉन स्टाप उड़ानें सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार और रविवार को संचालित की जाएंगी। दिल्ली-तेल अवीव मार्ग पर परिचालन फिर से शुरू करने का निर्णय आवश्यक मंजूरी के बाद लिया गया है। अगस्त 2024 में इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए एयरलाइन ने सीधी उड़ानें निलंबित कर दी थीं। मंगलवार को इजराइल के पर्यटन मंत्री हैम काट्ज ने कहा कि वह एअर इंडिया और इजरायली एयरलाइन ईआइ एआइ द्वारा मुंबई से तेल अवीव के लिए सीधी उड़ान पर जोर दे रहे हैं।

## तीन और इस्राइली नागरिकों का रिहा करेगा हमास



**यरूशलेम।** इस्राइल के साथ हुए युद्ध विराम समझौते के तहत हमास लगातार बंधकों की रिहाई कर रहा है। एक इस्राइली अधिकारी ने बुधवार को कहा कि हमास गुरुवार को होने वाली अगली बंधक रिहाई में तीन इस्रायली नागरिकों को रिहा करेगा, जिनमें दो महिलाएं और एक 80 वर्षीय पुरुष शामिल हैं, इसके साथ ही इस बैच में पांच थाई नागरिक भी शामिल हैं।

इस्राइल के साथ हुए युद्ध विराम समझौते के तहत हमास लगातार बंधकों की रिहाई कर रहा है। एक इस्राइली अधिकारी ने बुधवार को कहा कि हमास गुरुवार को होने वाली अगली बंधक रिहाई में तीन इस्रायली नागरिकों को रिहा करेगा, जिनमें दो महिलाएं और एक 80 वर्षीय पुरुष शामिल हैं, इसके साथ ही इस बैच में पांच थाई नागरिक भी शामिल हैं। एक इस्राइली अधिकारी के मुताबिक, बंधकों की रिहाई के अगले चरण में हमास गुरुवार को आठ और लोगों को रिहा करने जा रहा है। इसमें तीन इस्राइली नागरिक हैं, जिसमें दो महिलाएं अरबेल येहुद (29) और अगम बरगर (19) शामिल हैं। इसके अलावा पांच थाई नागरिक भी रिहा किए जाएंगे।

## दिल्ली-यूपी में कोहरा, पहाड़ों पर होगी बर्फबारी



**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत में इन दिनों धूप की वजह से गर्मी का एहसास हो रहा है। लेकिन मौसम विभाग ने 30 जनवरी को दिल्ली यूपी के कई जिलों में कोहरे की संभावना जताई है। हिमाचल प्रदेश में छिटपुट बारिश या बर्फबारी हो सकती है। अरुणाचल प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में भारी बारिश या बर्फबारी होने की संभावना है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल, और केरल और माहे में छिटपुट वर्षा होने की संभावना है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, असम और मेघालय और लक्षद्वीप में छिटपुट बारिश हो सकती है। पूर्वोत्तर भारत पर एक चक्रवाती परिसंचरण बने रहने की उम्मीद है, जिससे शनिवार तक गरज के साथ बारिश हो सकती है। बारिश तेज होने का अनुमान है, गुरुवार को अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश होने की संभावना है। इस अवधि के दौरान भारत के उत्तरी हिस्सों में घना से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है, जो उत्तर भारत से मध्य और पूर्वी भारत से होते हुए पूर्वोत्तर भारत तक फैल जाएगा। पंजाब और हरियाणा में शीतलहर के साथ बारिश की संभावना है। जनवरी की शुरूआत में मौसम बदला था। पहले सप्ताह में ही अच्छी वर्षा व हिमपात देखने को मिला। उसके बाद तीन पश्चिमी विक्षोभ आए लेकिन वर्षा व हिमपात के मामले में खास गतिविधि दिखी नहीं। इसका नतीजा हुआ शीतकालीन वर्षा में कमी आ गई।

## संपादक की कलम से

### मनरेगा की विसंगति

इसमें दो राय नहीं कि ग्रामीण क्षेत्रों में दृश्य व अदृश्य बेरोजगारी में कमी लाने में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस योजना ने जहां एक ओर ग्रामीण उपभोक्ताओं को अपने गांव के पास रोजगार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है, वहीं अंतर्राज्यीय प्रवास को कम किया है। साथ ही ग्रामीण उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति भी बढ़ी है। काम की तलाश में शहरों को जाने वाले श्रमिकों की संख्या में कमी के भी आंकड़े सामने आए हैं। खासकर कोरोना संकट में जब ग्रामीण महानगरों से पलायन करके बड़ी संख्या में गांव की तरफ लौटे तो इस योजना ने जीवनदायिनी भूमिका निभाई है। लेकिन फिलहाल ग्रामीण आजीविका के लिये जीवन रेखा कही जाने वाली महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एक बार फिर धन की कमी से जूझ रही है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस शासन में शुरू की गई मनरेगा योजना राजग सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल नहीं है। वार्षिक वित्तीय संकट से जूझ रही मनरेगा योजना के लिए केंद्र सरकार ने वर्ष 2024–25 में 86,000 करोड़ रुपये आवंटित किए थे। इसके बावजूद 4,315 करोड़ मूल्य का वेतन भुगतान लंबित है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023–24 में इस योजना के केवल छह माह में ही 6,146 करोड़ का घाटा हुआ था। इसी तरह वर्ष 2022–23 में 89,400 करोड़ का संशोधित धनराशि का आवंटन मूल बजट से 33 प्रतिशत अधिक था। निस्संदेह, ग्रामीण श्रमिकों के लिये लायी गई मनरेगा योजना की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिये वार्षिक राशि आवंटन को लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। जो केंद्र सरकार की वित्तपोषण की प्राथमिकताओं को लेकर कई प्रासंगिक प्रश्न उठाती है। इस योजना के क्रियान्वयन में वित्तीय तंगी तंत्र की विसंगितयों को ही दशार्ती है। वहीं कांग्रेस ने मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी को बढ़ाकर 400 रुपये प्रतिदिन करने की मांग की है। निस्संदेह, यह मांग महंगाई के बीच एक स्थायी समाधान के बजाय एक राजनीतिक दृष्टिकोण को ही दर्शाती है। निस्संदेह, कांग्रेस की यह मांग राजनीतिक लाभ के लिये एक लोकप्रिय कदम तो हो सकता है, मगर यह योजना की मूल समस्या के कारकों को संबोधित करने में विफल रहती है। मौजूदा वक्त में प्राथमिकता समय पर पर्याप्त धन आवंटन करने तथा प्रणालीगत विसंगतियों को दूर करना होनी चाहिए। दरअसल, भुगतान के लिये अपनायी गई प्रणाली से श्रमिकों को भुगतान में परेशानी आती रही है। आधार कार्ड आधारित भुगतान की ब्रिज प्रणाली और राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली जैसे तकनीकी कारकों ने भुगतान की उलझनों को बढ़ाया है।



ललित शर्मा
संपादक

## ममता शर्मा

### भूल न जाना प्यारे बच्चों

कविता



तुम एक बूंद नहीं अथाह सागर बनना,
अपने सपनों को उत्साहों से भरना,
हमने तुमको यही पाठ पढ़ाया है।

हो विजय हमेशा तुम्हारी हर पथ पर,
ये ही तुमको सिखलाया है।

डरना ना कभी अपने पथ से,
कुछ न्यून विषमताओं के डर से,
तुम वीर बनो तुम धीर बनो,
ये ही हरदम तुमको बतलाया है।

आज जाने जाते हो जिस नाम से तुम,
फिर वो घर हो या विद्यालय हो,
उन मात–पिता और गुरुजन का स्वाभिमान तुम्हें बढ़ाना है।

तुम आज यहां कल कहां रहो,
किंतु ये तुमको याद रहे,
जिससे सीखे तुम कुछ भी ज्ञान,
उसे गुरु के सम्मान का ध्यान रहे।

पढ़ लिखकर जब बन जाओ तुम एक सफल नागरिक,
तब तुम याद उनको करना,
जिसने क, ख, ग, तुमको सिखलाया था, तुम्हारी नन्ही हथेलियों में
कागज कलम थमाया था।

तुम भूल न जाना प्यारे बच्चों,
अपने गुरु के कला और विज्ञान को,
तुम याद हमेशा रखना अपने गुरु और उनके ज्ञान को।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

### भिवानी के गाँव बड़वा में

# आस्था के साथ खेल संस्कृति का प्रवाह 'लोकदेवता बाबा रामदेव मेला'

वेलकम इंडिया

वर्तमान में कलयुग के देवता कहे जाने वाले लोक देवता बाबा रामदेव जी का जन्म स्थल राजस्थान के जैसलमेर जिले का गाँव रामदेवरा है। जहाँ अजमल जी के घर बाबा रामदेव ने जन्म लिया था। तब इनके जन्म के साथ राजा अजमल जी के घर में कुमकुम के पांव उनके घर में बने थे। बाबा रामापीर के जन्मदिवस को भगत और ग्रामीण जन अत्यंत हर्ष और उल्लास के साथ मनाते हैं। पश्चिमी राजस्थान के लोक देवता बाबा रामदेव जी का मेला पूरे भारत में प्रसिद्ध है। बाबा रामदेव जी की असीम कृपा से इस वर्ष माघ शुद्धि दसवीं मेला पूरे देश में 7 फरवरी 2025 को हर्षोल्लास के साथ आयोजित होगा। जिसमें भगत और भगवान दोनों एक साथ होंगे। इसी कड़ी में राजगढ़-हिसार मुख्य सड़क मार्ग पर खंड सिवानी मंडी के गाँव बड़वा की पहचान यहाँ आयोजित होने वाले बाबा रामदेव मेला और खेल समिति के समारोह से जुड़ी है। यहाँ आयोजित होने वाले बाबा रामदेव मेले एवं खेल प्रतियोगिता का जश्न व आकर्षण का केंद्र समारोह के दौरान आयोजित करवाई जाने वाली तरह-तरह की दौड़ों, कुश्तियों, कबड्डी, मटका दौड़ और अन्य दौड़ एवं खेलों से होती है।

गाँव में हर साल बाबा रामदेव मेला एवं खेल प्रतियोगिता करवाई जाती है। इसके लिए ब्रह्म मुहूर्त के साथ बाबा रामदेव मंदिर में दीप प्रज्जवलन के बाद गाँव के राजीव गांधी खेल स्टेडियम के मैदान में ध्वजारोहण होता है। इसके बाद तरह-तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। रोहसड़ा जोहड़ स्थित बाबा रामदेव मंदिर में पूरा दिन पूजा-अर्चना होती है, और खेल मैदान में खेल प्रतियोगिताएँ। इसमें राजस्थान, पंजाब और हरियाणा के हजारों लोग शामिल होते हैं।

शुरूआती दौर में मेले में ऊंटों का नृत्य और दौड़ आकर्षण का केंद्र बनते थे। वर्ष 1994 से यहाँ बाबा रामदेव मेला समिति मेले का आयोजन करवाती आ रही है। उस दौरान की खेल प्रतियोगिता में ऊंटों की दौड़ मुख्य आकर्षण का केंद्र होती थी और ऊंट मैदान में नृत्य करते थे। विजेता को सम्मानित किया जाता था। उनकी जगह अब आधुनिक खेलों ने ले ली है, जिसमे लड़कियों और महिलाओं की तरह-तरह की खेल प्रतियोगिताएँ शामिल है। इसके अलावा मेले में घोड़ों, कुश्ती, कबड्डी, मटका दौड़ महिलाओं के लिए तरह-तरह की दौड़ के विजेताओं को भी बड़े-बड़े नाम देकर सम्मानित किया जाता है, बाबा रामदेव मंदिर सैकड़ों वर्ष पुराना है लेकिन यहाँ मेले का आयोजन साल 1994 से शुरू किया गया।

जहाँ तक आस्था का केंद्र बने इस मंदिर की स्थापना का सवाल है तो गाँव की बुजुर्ग महिला स्वर्गीय पदमा देवी पत्नी श्री रामकरण गैदर ने सैंकड़ों साल पहले अपनी धार्मिक श्रद्धा के फलस्वरूप की। रामदेवरा या रूणेचा धाम जो कि राजस्थान के जैसलमेर में पड़ता है और देश विदेश के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है।

उनकी भक्ति और श्रद्धा के फलस्वरूप उन्होंने अपने गाँव में बाबा रामदेव मंदिर की नींव रखी। उनकी सोच थी कि उसके गाँव में बाबा रामदेव मंदिर की स्थापना हो और जो लोग सैंकड़ों मील रामदेवरा नहीं जा पाते वह यही से बाबा के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करे। तब से लेकर आज तक इस मंदिर के प्रति गाँव बड़वा के निवासियों ही नहीं, आस-पास के लोगों की अपार श्रद्धा है और यह कारवां जैसे-जैसे आगे बढ़ा तो बाबा रामदेव मेला समिति का गठन हुआ। समिति ने सन 1994 से यहाँ पर एक मेले और खेल प्रतियोगिता का आधिकारिक आयोजन करना शुरू कर दिया। वैसे भी अन्य बातों को लेकर रोमांचक है गाँव बड़वा का इतिहास।

भिवानी के सिवानी मंडी खंड का गाँव बड़वा हरियाणवी फिल्मों में भी मशहूर है। सालों पहले यहाँ पर हरियाणवी फिल्म चंद्रावल को यहाँ के केसर तालाब पर फिल्माया गया। इसके लिए हरियाणा के जाने-माने कलाकार यहाँ पर पहुँचे थे। यही नहीं यहाँ की हवेलियाँ ऐतिहासिक है और इन हवेलियों का ज़िक्र हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत से जुड़े अभिलेखों में भी किया गया है। यहाँ 36 बिरादरी के लोग आपसी भाईचारे से रहते हैं। गाँव बड़वा में हर कोने पर आपको मंदिर देखने को मिल जाएंगे इसलिए गाँव बड़वा को छोटी काशी से कम नहीं आंका जाना चाहिए। गाँव बड़वा में लगने वाले बाबा रामदेव के मेले में हर वर्ष हजारों धर्म-प्रेमी बाबा रामदेव महाराज के दर्शन के लिए आते हैं। मेले में तरह-तरह की दुकानें सजाई जाती है। वहीं अनेक प्रकार के झूले और खेलों का आयोजन किया जाता है। बाबा रामदेव मेला कमेटी के वर्तमान प्रधान प्रदीप जांगड़ा बताते हैं कि हर साल की भांति इस साल भी यह मेला 7 फरवरी को बड़ी धूमधाम के साथ बाबा रामदेव मेला प्रांगण में आयोजित होगा और राजीव गांधी खेल स्टेडियम नेतृत्व खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

कमेटी के संस्थापक प्रधान मास्टर छोटूराम और खेल कमेटी के अध्यक्ष लालसिंह लालू ने बताया कि देशभर में दसवीं के दिन लगने वाले इस मेले में बड़वा धर्मनगरी में हजारों धर्म प्रेमी बाबा रामदेव महाराज के दर्शन के लिए आएंगे और मेले में खिलौनों और तरह-तरह की प्रसाद की दुकानें सजाई जाएगी। जय बाबा रामदेवरा की।




भिवानी के गाँव बड़वा में लगने वाले बाबा रामदेव के मेले में हर वर्ष हजारों धर्म–प्रेमी लोकदेवता बाबा रामदेव महाराज के दर्शन के लिए आते हैं। मेले में तरह–तरह की दुकानें सजाई जाती है। अनेक प्रकार के झूले डलते हैं और खेलों का आयोजन किया जाता है। शुरूआती दौर में मेले में ऊंटों का नृत्य और दौड़ आकर्षण का केंद्र बनते थे। वर्ष 1994 से यहाँ बाबा रामदेव मेला समिति मेले का आयोजन करवाती आ रही है। शुरूआती खेल प्रतियोगिताओ में ऊंटों की दौड़ मुख्य आकर्षण का केंद्र होती थी और ऊंट मैदान में नृत्य करते थे। उनकी जगह अब आधुनिक खेलों ने ले ली है, जिसमे लड़कियों और महिलाओं की तरह–तरह की खेल प्रतियोगिताएँ शामिल है। हर साल की भांति इस साल भी यह मेला 7 फरवरी को बड़ी धूमधाम के साथ बाबा रामदेव मेला प्रांगण में आयोजित होगा और राजीव गांधी खेल स्टेडियम में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कमेटी के संस्थापक प्रधान मास्टर छोटूराम, वर्तमान प्रधान प्रदीप जांगड़ा और खेल कमेटी के अध्यक्ष लालसिंह लालू ने बताया कि देशभर में माघ शुद्धि दसवीं के दिन लगने वाले इस मेले में बड़वा धर्मनगरी में हजारों धर्म प्रेमी बाबा रामदेव महाराज के दर्शन के लिए आएंगे और मेले में खिलौनों और प्रसाद की दुकानें सजाई जाएगी। जय बाबा रामदेवरा की। **–डॉ. सत्यवान सौरभ**

# प्रयागराज भगदड़ : प्रशासनिक लापरवाही या भक्तों का उन्माद



एक पौराणिक शहर की सीमाओं पर विचार करना चाहिए, जिसे अपनी धार्मिक विरासत को बनाए रखते हुए आठ करोड़ लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है। दस लोगों के लिए डिजाइन की गई जगह में सौ लोग कैसे रह सकते हैं? यह विचार करने के लिए एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा है। इसके अलावा, वीवीआईपी संस्कृति और सरकार के मुनाफे की खोज, जिसमें राजस्व के लिए हर उपलब्ध भूमि को पट्टे पर देना और बिचौलियों को शामिल करना शामिल है, के बीच का सम्बंध मामले को और जटिल बनाता है। यह धार्मिक भक्ति का मामला है, प्रतिस्पर्धा या उन्माद का नहीं। **–प्रियंका सौरभ**

प्रयागराज में हुई भगदड़ के बारे में सुनना दुर्भाग्यपूर्ण है, जिसके परिणामस्वरूप कई लोगों की जान चली गई। यह घटना निस्संदेह विभिन्न मीडिया प्लेटफार्मों पर व्यापक चचाओं को जन्म देगी। विपक्ष आलोचना करेगा, जबकि सरकार अपने कार्यों को सही ठहराने का प्रयास करेगी, लेकिन जो लोग मर चुके हैं उन्हें वापस नहीं लाया जा सकता। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है।

प्रयागराज में संगम तट पर वर्ष 2013 के कुंभ मेले के दौरान 10 फरवरी दिन रविवार को मौनी अमावस्या का स्नान था। कुचलने और गिरने से 35 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि दर्जनों लोग घायल हुए थे। जिनका अस्पताल में कई दिनों तक इलाज चला था। 1954 में मौनी अमावस्या के दिन नेहरू जी ने संगम में स्नान किया, जो इस मेले का मुख्य आकर्षण था। इस कुंभ मेले के दौरान एक दर्दनाक हादसा भी हुआ। मौनी अमावस्या के स्नान के समय, एक हाथी नियंत्रण से बाहर हो गया और भगदड़ मच गई। इस दुर्घटना में करीब 500 लोग मारे गए।

भगदड़ के बाद भीड़ को नियंत्रित करने और सूचना देने के लिए लाउडस्पीकर्स का इस्तेमाल किया गया। इसके अलावा, रात के समय मेले में रोशनी के लिए 1000 से अधिक स्ट्रीट लाइट्स लगाई गई थीं। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इसके बाद, कुंभ मेले में हाथियों के उपयोग पर हमेशा के लिए रोक लगा दी गई। अपने घर में छोटा-सा कार्यक्रम करिए उसको सकुशल संपन्न कराने में हवा निकल जाती है यहाँ तो पूरा विश्व आया हुआ है करोड़ों की संख्या में।

एक पौराणिक शहर की सीमाओं पर विचार करना चाहिए, जिसे अपनी धार्मिक विरासत को बनाए रखते हुए आठ करोड़ लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है। दस लोगों के लिए डिजाइन की गई जगह में सौ लोग कैसे रह सकते हैं? यह विचार करने के लिए एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा है। इसके अलावा, वीवीआईपी संस्कृति और सरकार के मुनाफे की खोज, जिसमें राजस्व के लिए हर उपलब्ध भूमि को पट्टे पर देना और बिचौलियों को शामिल करना शामिल है, के बीच का सम्बंध मामले को और जटिल बनाता है। यह धार्मिक भक्ति का मामला है, प्रतिस्पर्धा या उन्माद का नहीं।

कुछ लोग इसे प्रशासन की नाकामी बता रहे हैं। लिखना और आलोचना करना बहुत आसान है लेकिन जहाँ पर लाखों, करोड़ों लोगों की भीड़ हो ओर उसमें भी बहुत बड़ी संख्या में बुजुर्ग हो। घाटों पर जहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान कर रहे हो, बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करके बाहर निकल रहे हो और बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम स्नान करने जा रहे हों। हादसे की संभावना बनी रहती है और अफसोस हादसा हो ही गया।

हमेशा याद रखें। प्रशासन एक-एक का हाथ पड़कर स्नान नहीं करवा सकता। हादसा कहीं भी हो सकता है। ना इसमें पूरा प्रशासन का दोष है और ना ही इसे विपक्ष की साज़िश कहा जा सकता है। यह महज एक हादसा है। हादसे के बाद पूरे संगम क्षेत्र में स्थिति बिलकुल सामान्य है लेकिन मीडिया अपने टीआरपी के लिए सनसनी पैदा कर रहा है। जबकि मीडिया की जिम्मेवारी है कि वह घटना (भगदड़) की वजह की रिपोटिंग पर करें।

इसके अतिरिक्त लोग महाकुम्भ में जिस श्रद्धा आस्था के साथ आएँ हैं, उसी श्रद्धा पूर्वक उन्हें कर्तव्यबोध भी रहे। सरकार के नियम, अनुशासन, चेतावनी का उसी आस्था से पालन करे। जब अयोध्या और काशी में आशातीत भीड़ हो गई है तो प्रयागराज में महाकुंभ में सम्मिलित श्रद्धालुओं की संख्या का अनुमान भी नहीं किया जा सकता। सभी लोग त्रिवेणी संगम में ही स्नान के लिए हठ न करें, चालीस किलोमीटर इधर और उधर, यानी अस्सी किलोमीटर तक फैला हुआ स्नान घाट बनाया गया है। वहीं स्नान कर कृपया व्यवस्था में सहयोग बनाएँ।

ऐसा लगता है कि सरकार खुद को सर्वश्रेष्ठ आयोजक के रूप में दिखाने पर केंद्रित है, जबकि कुछ लोग सोशल मीडिया के माध्यम से सनातन को बढ़ावा देने में अधिक रुचि रखते हैं, आम भक्तों की भावनाओं की उपेक्षा करते हैं। ब्रह्म कल्प के दौरान लगभग 45 दिनों तक, शाही स्नान (शाही स्नान) प्रतिदिन होता है, फिर भी हमारे धार्मिक नेताओं ने इसे श्रद्धालुओं तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुँचाया है।

इन नेताओं द्वारा कुंभ स्नान का वास्तविक महत्त्व जनता को पर्याप्त रूप से नहीं बताया गया है। यदि सनातन धर्म पर चर्चा करने के लिए अक्सर टेलीविजन पर आने वाले धार्मिक व्यक्ति कल्पवास के इन 45 दिनों के दौरान प्रत्येक प्रहर के दौरान स्नान के महत्त्व पर जोर देते, तो भारी भीड़ को अलग-अलग दिनों में फैलाया जा सकता था, जिससे संभावित रूप से ऐसी त्रासदियों को रोका जा सकता था।

अत्यधिक प्रचार के कारण महाकुंभ में बेहिसाब भीड़ जमा हो गई। इसके अतिरिक्त वीआईपी यानी अति विशिष्ट को जरूरत से ज्यादा महत्त्व और आमजन को अनेक रास्तों पर रोकना या वापस भेजना या मोक्ष मार्ग पर अति विशिष्ट के लिए अलग मार्ग भी एक कारण। भगदड़ के लिए बस एक छोटी–सी गलती की जरूरत होती है। एक बात और असरदार या धनी लोग द्वारा अपने पैसों के दम पर सामान्य तीर्थयात्रियों का हक मार लेना, उनको पीछे धकेल देना। क्या यह पाप नहीं है? क्या गंगाजी इस तरह के पापिओं के पाप धो पाएगी? दिवंगत आत्माओं को शांति मिले।

# बेटी के अधिकार को लेकर अभिभावक ने कॉलेज के खिलाफ खोला मोर्चा

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** रिक्खी सिंह गर्ल्स इंटर कॉलेज में एक 11वीं की छात्रा के माता पिता ने अपनी बेटी के अधिकार को लेकर कॉलेज के प्रबंधन के खिलाफ हिम्मत दिखाई है, और छात्रा को सेनेटरी पैड न देने के मामले की शिकायत, महिला आयोग, जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक से की है जिसके बाद इस मामले को लेकर गठित जांच टीम ने स्कूल की प्रिंसिपल, टीचर और छात्राओं के बयान लिए हैं। ये पहला मौका होगा कि जब किसी अभिभावक ने सामने आकर अपनी बेटी के अधिकार को लेकर आवाज उठाई है। ज्यादातर ऐसे मामलों में और इस तरह की घटनाओं में अभिभावक अक्सर बदनामी के डर से बात को दबा देते है। और बात आई गई हो जाती है। लेकिन इस बार छात्रा के अभिभावक ने हिम्मत दिखाई, और मामले की शिकायत की। इतना ही नहीं उन्होंने मीडिया के सामने आकर भी अपना पक्ष रखा है, जिससे बरेली के रिक्खी सिंह इंटर कालेज की प्रिंसिपल की शर्मनाक करतूत सामने आ गई है। छात्रा के पिता बोले जो मेरी बेटी के साथ हुआ वो किसी और बेटी के साथ न हो छात्रा के पिता ने जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत कुमार सिंह से लिखित शिकायत की।

इतना ही नहीं उन्होंने इस मामले की शिकायत महिला आयोग और जिलाधिकारी रविंद्र कुमार से भी की थी। छात्रा की पिता का कहना है कि मेरी बेटी के साथ जो हुआ अब मैं नहीं चाहता कि किसी और बेटी के साथ भी ऐसा हो, इसलिए कालेज की प्रिंसिपल के खिलाफ कठोर कार्यवाही होनी चाहिए। कालेज में छात्रा को पीरियड के दौरान सेनेटरी पैड नहीं मिलने के मामले में शिक्षा विभाग द्वारा कराई जा रही जांच अव पूरी हो गई है।

डीआईओएस अजीत कुमार सिंह ने दो महिला अधिकारियों की टीम गठित की थी। दोनों महिला अधिकारी और डीआईओएस ने मामले की जांच की। कालेज जाकर सभी के बयान लिए गए। बुधवार को जांच रिपोर्ट डीआईओएस को सौंपी दी गई है, अब इसमें जिला विद्यालय निरीक्षक विद्यालय की प्रिंसिपल के खिलाफ क्या कदम उठाते हैं यह तो आने वाले समय में ही पता चल सकेगा। आपको बता दें कि रिक्खी सिंह गर्ल्स इंटर कॉलेज की 11वीं की छात्रा को क्लास में ही अचानक पीरियड शुरू हो गए थे, जिसके बाद छात्र ने क्लास टीचर से इस बाबत बातचीत की, क्लास टीचर ने इस समस्या के लिए स्वयं कोई कदम न उठाते हुए छात्र को प्रधानाचार्य से मिलने के लिए कहा, जिसके बाद प्रधानाचार्य ने भी छात्र की इस समस्या का कोई समाधान नहीं निकाला। मजबूर होकर छात्रा को गंदे कपड़ों के साथ ही घर के लिए जाना पड़ा, इस मामले को लेकर छात्रा का कहना है कि पेपर देने के दौरान अचानक उसकी तबियत खराब हो गई। उसके पेट में जोर जोर से दर्द होने लगा, और पीरियड शुरू हो गए।

उसने ये बात क्लास में मौजूद टीचर को बताई तो उन्होंने उसे प्रिंसिपल के पास भेज दिया। जहां प्रिंसिपल मोबाइल पर किसी से बात करती रही थी और छात्रा को भगा दिया। छात्रा करीब एक घंटे तक परेशान होती रही। जिसके बाद वो उसी हालत में अपने घर चली गई। जिससे उसकी यूनिफॉर्म खराब हो गई।

## छात्रा ने मां को बताई पूरी घटना

छात्रा जब घर पहुंची तो वो काफी उदास और परेशान थी। उसकी यूनिफॉर्म खराब हो गई थी। जिस वजह से उसे काफी शर्मिंदगी उठानी पड़ी थी। जब उसकी मां ने पूछा बेटी इतना उदास क्यों हो तो उसने अपनी मां को पूरी बात बताई। जिस पर छात्रा की मां ने छात्रा के पापा को पूरी घटना बताई। छात्रा के पिता ने तुरंत प्रिंसिपल को फोन करके शिकायत की तो भी प्रिंसिपल का कोई सही जवाब नहीं मिला। इस मामले में डीआईओएस अजीत कुमार सिंह का कहना है कि निश्चित रूप से ये संवेदनशील मामला है। सभी को इस पर संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। मेरे स्तर से सभी कॉलेजों को ये निर्देश दिए गए है कि हर महीने छात्र छात्राओं का एक ओरियंटेशन करे। उनकी जो समस्याएं है ताकि वो टीचर्स को अपनी बात बता सके।

# शमशान भूमि फाटक के पास बिजनौर के युवक का मिला शव

**बरेली।** शहर के बाकरगंज चौकी क्षेत्र, थाना किला के अंतर्गत शमशान भूमि फाटक के पास सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है पुलिस को मृतक की जेब से एक आधार कार्ड मिला, जिससे उसकी पहचान कंचन सिंह (35) पुत्र प्रितपाल सिंह, निवासी 20 सराय जोखा सिंह, थाना नहटौर, तहसील धामपुर, जनपद बिजनौर के रूप में हुई। प्रथम दृष्टया, मृतक के शरीर पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतक घूम-घूम कर देसी दवाइयां बेचता था और बाकरगंज स्थित रैन बसेरे में रहता था। पुलिस ने मृतक की बहन, जो बिजनौर में रहती है, को सूचना दे दी है। शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, ताकि मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

# शिक्षकों के चार दिवसीय 21वीं सेंचुरी अनुभवजन्य जीवन कौशल प्रशिक्षण द्वितीय बैच का समापन



**मथुरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित परिषदीय शिक्षकों के चार दिवसीय 21 वीं सेंचुरी अनुभवजन्य जीवन कौशल प्रशिक्षण द्वितीय बैच के समापन अवसर पर प्रतिभागी शिक्षकों को संबोधित करते हुए डायट प्राचार्य राजेंद्र बाबू ने कहा कि यह प्रशिक्षण आप सभी शिक्षकों के जीवन में आमूल चूल परिवर्तन करने वाला सिद्ध होगा। इस प्रशिक्षण में मनुष्य की प्रमुख समस्या तनाव प्रबंधन एवं क्रोध प्रबंधन करना भी बताया गया है। प्रशिक्षण संदर्भ दाता परमवीर सिंह ने प्रशिक्षण में माइंडफुलनेस क्रिया द्वारा अपने दिमाग को शांत रखने और ओवरथिंकिंग को रोकने के बारे में बताया। दिगंबर सिंह संदर्भ दाता ने तनाव और क्रोध प्रबंधन में ध्यान और योग की भूमिका को रेखांकित किया। संदर्भ दाता लवली पटेल ने शानदार गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण को रोचक बनाया। चित्रा गोला ने प्रशिक्षण में संप्रेषण और सृजनात्मकता क्षमता जैसे जीवन कौशलों पर प्रकाश डाला।

शिक्षक वेद प्रकाश और शिक्षिका सोनू चतुर्वेदी द्वारा प्रतिवेदन पढ़ा गया।

इस चार दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन डायट प्राचार्य राजेंद्र बाबू के निर्देशन में प्रशिक्षण प्रभारी नरेंद्र कुमार प्रवक्ता और हरेश कुमार सिंह प्रवक्ता के मार्गदर्शन में किया गया। 24 जनवरी से शुरू इस प्रशिक्षण जनपद के सभी ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 90 शिक्षक- शिक्षिका शामिल हुए।

इस अवसर पर में कुलानुशासक हरेश सिंह, प्रभारी नरेंद्र सिंह, प्रवक्ता संतोष कुमार सिंह, दिगम्बर सिंह, विवेक कुमार उपस्थित रहे।

## माध्यमिक शिक्षकों का अंग्रेजी और परिषदीय शिक्षकों का आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण जारी

**मथुरा।** डायट के मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता हरेश सिंह ने बताया कि डायट परिसर में शासन की योजनानुसार राजकीय माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत अंग्रेजी विषय के एल. टी. ग्रेड शिक्षकों का ट्रेनिंग एट सेकेंड्री लेवल स्किल एवं परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण भी संचालित हो रहा है। इन बेचों के यह प्रशिक्षण 29 जनवरी तक चलेंगे। अंग्रेजी विषय के एल. टी. ग्रेड शिक्षकों का प्रशिक्षण प्रभारी एवं डायट प्रवक्ता विवेक कुमार के निर्देशन में संचालित हो रहा है। नरेश शर्मा, सहायक अध्यापक, पं० दीनदयाल उपाध्याय रा.मा.इ. पाडल गोवर्धन, इंद्रजीत सहायक अध्यापक पं० दीनदयाल उपाध्याय रा.मा.इ. कामर, जयसिंह सहायक अध्यापक राजकीय हाईस्कूल संचौली आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# चिकित्सकों का काम निराला, ओपीडी के समय कमरे मे झूल रहा ताला



**जगदीशपुर अमेठी।** उच्च अधिकारियों के कडे निर्देश के बाद भी केंद्र पर चिकित्सकों की चल रही मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही ओपीडी ड्यूटी के समय कमरे मे जडा ताला देखकर मरीज वापस लौट रहे हैं जिम्मेदार अधिकारी बेखबर हैं। विकास खण्ड के अंतर्गत जगदीशपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहां बिगडी व्यवस्थाए सुधरने का नाम नहीं ले रहीं हैं आलम यह है कि मरीज जब उपचार हेतु चिकित्सकों के कमरे पर जाते हैं तो वहां ताला झूलता देख निराश होकर आसपास तलाश करते हैं तो पता चलता है कि अभी डॉक्टर साहब नहीं आए हैं कई चिकित्सक ऐसे हैं जो ओपीडी के समय अक्सर घंटो देर से पहुंचकर समय से पहले ही चलते बनते हैं वहीं कुछ तो नदारद ही रहते हैं और कमरे मे ताला झूलता रहता है बताते चलें कि पूर्व मे सीएमओ अमेठी अंशुमान सिंह के औचक निरीक्षण मे दर्जनो स्वास्थ्य कर्मी ड्यूटी से नदारद पाए गए थे जिनका एक दिवस का वेतन काटने का निर्देश देकर सुधरने की चेतावनी दी गई थी परंतु इन सब के बावजूद भी स्वास्थ्य कर्मियों की पुरानी आदत मे कोई सुधार ना होने से मरीजो को परेशानियों का सबब झेलना पड रहा है इसे जिम्मेदारों की ढिलाई समझी जाए अथवा मिलीभगत। गौरतलब हो कि यदि केंद्र पर चिकित्सा व्यवस्था का यही आलम चलता रहा तो आला अफसरों एवम सरकार के कडे निर्देश हवा हवाई होकर चिकित्सा व्यवस्था मे सुधार होना मुमकिन नहीं।

# यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की होगी रैंडम जांच

**बरेली।** यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं एक फरवरी से शुरू होंगी। यूपी बोर्ड की ओर से प्रत्येक जिले के पांच फीसदी विद्यालयों में प्रयोगात्मक परीक्षा की औचक निरीक्षण कराया जाएगा। इसमें किसी प्रकार की गड़बड़ी मिलने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। बोर्ड सचिव ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को प्रयोगात्मक परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देश भेजे हैं। निदेशों में साफ लिखा है कि प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए विद्यालय में प्रयोगशाला, आवश्यक उपकरण एवं सामग्री का अभाव होने पर किसी दूसरे निकटतम संसाधनयुक्त विद्यालय में प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराई जाए और इसकी सूचना समय से संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को भी दी जाए। राजकीय विद्यालय में संसाधनों के अभाव के लिए डीआईओएस स्वयं जिम्मेदार होंगे। सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में संसाधनों की कमी होने पर डीआईओएस संबंधित विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। वित्तविहीन विद्यालयों में यह स्थिति आने पर पर विद्यालय की मान्यता वापस निरस्त कर दी जाएगी। इंटर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं प्रथम चरण में एक से आठ फरवरी और दूसरे चरण में नौ से 16 फरवरी तक कराई जाएगी। सचिव ने वॉयस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ही प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराने के निर्देश दिए हैं।

# बैल्डिंग के कारीगर ने फंदे से लटकर दी जान, पुलिस जुटी जांच में

वेलकम इंडिया

**हाथरस।** इगलास रोड बाईपास के प्रताप चौराहे पर एक वेल्डिंग के मजदूर ने बंद दुकान में फांसी के फंदे पर लटक कर जान दे दी। पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा तोड़कर मृतक के शव को बाहर निकाला गया। यहां पर फॉरेंसिक टीम और डॉग स्कायड की टीम ने भी जांच पड़ताल की। बताया जा रहा है कि अलीगढ़ जिले के गांधी पार्क थाना क्षेत्र के गांव सिंधौली निवासी 32 बर्षीय अजय पिछले 8 महीने से हाथरस में दुकान पर बिल्डिंग का काम कर रहा था। बुधवार को दुकान के मालिक प्रेम दत्त गौतम जब अपनी दुकान पर पहुंचे उन्होंने दरवाजा खोलने का प्रयास किया, दरवाजा न खुलने पर उन्हें संदिग्धता व्यतीत हुई। वहां स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस भी सूचना पर मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके घटना पर दरवाजा को तोड़कर अंदर प्रवेश किया। पुलिस ने देखा थि दुकान के ऊपर बने हाल में अजय का शव फांसी के फंदे पर लटका था, पुलिस ने अपनी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी और मृतक के शव को नीचे उतरकर कब्जे में लिया, और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहां पर दुकानदार स्वामी और अन्य लोगों से पूछताछ की। यह जानकारी परिजनों को हुई तो वह रोने बिलखने लगे। मृतक अजय के पिता उपेंद्र सिंह ने बताया कि आखिरकार उनके बेटे ने ऐसा कदम क्यों उठाया है, जिससे उसने अपनी जान दे दी। जानकारी में बताया गया है कि मृतक अजय अक्सर कर दुकान के ऊपर बने हाल में ही रात को रुक जाता था। मृतक शादीशुदा था जिसके दो छोटे-छोटे बच्चे भी हैं। अचानक युवक की हत्या से परिवार में मातम छा गया है। वहीं दूसरी ओर पुलिस घटना की गहीनता से जांच कर रही है।

# जनपद स्तरीय स्पैल बी प्रतियोगिता में 80 परिषदीय छात्र हुए शामिल

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मथुरा में एससीईआरटी लखनऊ के तत्वाधान में स्पैल बी जनपद प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में जनपद के सभी दस ब्लॉक के 80 छात्र- छात्राएं शामिल हुए। प्रथम स्थान पर रहे सभी बच्चे राज्य स्तर पर एससीईआरटी लखनऊ में होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

मंगलवार को स्पैल बी जनपद प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य राजेन्द्र बाबू द्वारा किया गया। प्रतियोगिता प्रभारी डॉ.गौरी पांडेय और विवेक कुमार के अनुसार इस प्रतियोगिता में जनपद के सभी दस ब्लॉक से विजयी 80 परिषदीय छात्र- छात्राएं सम्मिलित हुए। प्रभारी गौरी पांडेय ने बताया कि इस प्रतियोगिता के प्राथमिक विद्यालय हिंदी वर्ग में प्रथम स्थान भावना गोवर्धन ब्लॉक, द्वितीय स्थान लव दिवाकर बलदेव ब्लॉक, तृतीय स्थान प्रिंस ब्लॉक फरह का रहा। प्राथमिक विद्यालय अंग्रेजी वर्ग में प्रथम स्थान घनश्याम चौमुहा ब्लॉक, द्वितीय स्थान प्रियांशी मथुरा ब्लॉक, तृतीय स्थान पर भूमिका चौमूहा ब्लॉक का रहा। उच्च प्राथमिक विद्यालय हिन्दी वर्ग में प्रथम स्थान जैया सारस्वत छाता ब्लॉक, द्वितीय स्थान प्रिंस मथुरा ब्लॉक, तृतीय स्थान पर सारिका चौमुंहा ब्लॉक रहे। अंग्रेजी वर्ग में प्रथम स्थान चंचल छाता ब्लॉक, द्वितीय स्थान पायल पाठक गोवर्धन ब्लॉक, तृतीय स्थान पर डॉली चौमुंहा ब्लॉक का रहा। प्रतियोगिता की निर्णायक एआरपी श्रद्धा गौतम, ऋचा वर्मा, रजनी शर्मा और अनिल कुमार रहे।

कार्यक्रम के अंत सँस्थान के डायट प्राचार्य राजेंद्र बाबू ने सभी बच्चों को शुभाशीष प्रदान किया। प्रतियोगिता प्रभारी गौरी पांडेय और विवेक कुमार ने विजेताओं को डायट प्राचार्य द्वारा पुरुस्कृत कराया।

इस प्रतियोगिता में संस्थान के प्रॉक्टर हरेश सिंह, प्रवक्ता नरेन्द्र सिंह, गौरव गुंजन और सूर्यकांत का सराहनीय योगदान रहा।

# बढ़ा तापमान गेहूं किसानों को खतरा

वेलकम इंडिया

- 20 दिन पहले आया हीट स्ट्रोक प्रभावित करेगा गेहूं – जौ,चना, मंसूर फसल
- उत्पादन व गुणवत्ता बनाए रखना किसानों के लिए चुनौती



**मथुरा।** मौसम के मिजाज ने इस बार अजीब तरह की करबट ली है। 15 फरवरी तक बढ़ने वाला तापमान इस बार जनवरी के अंत में ही बढ़ गया है। मसलन गर्मी 20-25 दिन पहले आ गई है। यह कयी फसलों के चक्र को बिगाड़ने का संकेत है। इसके अलावा उपज और उत्पादन दोनों का प्रभावित होना तय है।

उल्लेखनीय है कि गेहूं का जर्म प्लाज्म विंटर व्हीट है। गेहूं की अच्छी उपज हेतु कमसे कम 60 दिन की भरपूर ठंड पड़ना आवश्यक है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त विशेषज्ञ दिलीप कुमार यादव के अनुसार उन्होंने 50 साल में न तो इस तरह का ट्रेन्ड देखा न किसी से सुना।

एक रिपोर्ट के अनुसार साल 2024 अब तक का सबसे गर्म साल रहा इसके बावजूद इस साल में हीट स्ट्रोक 15 फरवरी के करीब ही आया। कृषि विज्ञान केन्द्र कुम्हेर राजस्थान के पूर्व प्रभारी डा अमर सिंह व कुम्हेर कृषि महाविद्यालय के पूर्व डीन डा उदयभान सिंह रबी सीजन की फसलों के उत्पादन, दानों का आकार एवं गुणवत्ता को बचाना किसानों के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती बता रहे हैं। सबसे ज्यादा गेहूं, जौ, चना व मसूर की फसल पर इसका दुष्प्रभाव होगा।

मौसमी बदलाव लगातार हो रहा है। इसके चलते फसलों के बोने और काटने का समय बदलेगा। इससे हर बार फसलों में रिस्क फैक्टर बढ़ेगा। फसल के दानों का आकार अपरिपक्व रह जाएगा। गुणवत्ता खराब होगी। ठोस तत्व की कमी होगी। यानी गेहूं में पूर्व की तुलना में आटा, सूजी व मैदा कम निकलेगी। मिलों में विद्युत उपयोग बढ़ेगा। इससे लागत और कीमत दोनों बढ़ेंगी। किसान से लेकर आम उपभोक्ता तक सभी प्रभावित होंगे।

अगेती हीट स्ट्रोक के प्रभाव को वैज्ञानिक शोध परिणामों के तौर तरीके अपनाकर कुछ हद तक कम किया जासकता है। विशेषज्ञ इसमें थायो यूरिया के दो बार छिड़काव की संस्तुति कर रहे हैं। इसकी एक किलोग्राम मात्रा को एक हजार लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। इसके अलावा 2 किलोग्राम यूरिया को 100 लीटर पानी में घोलकर भी थाय. यूरिया न मिले तो छिड़काव करें। इसमें यदि जिंक मिलानी हो तो 250 ग्राम यूरिया कम करके इतनी मात्रा में जिंक मिलता ज्यादा लाभकारी होगा। सूक्ष्म पोषक तत्वों के मिश्रण वाला टानिक भी 500 एम एल यूरिया व जिंक के घोल में मिलाकर छिड़काव करें।

# आईडीएफसी फस्ट बैंक और आनन्दा फाउंडेशन के सहयोग से रतलाम में श्वेतधारा कार्यक्रम और जोविता मिल्क प्रोड्यूसर्स कंपनी का शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद के आनन्दा फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से संचालित ₹श्वेतधारा₹ रतलाम जिले के बोरखेड़ा गांव में आइडीएफसी फस्ट बैंक और आनन्दा फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से संचालित ₹श्वेतधारा₹ कार्यक्रम और ₹जोविता मिल्क प्रोड्यूसर्स कंपनी₹ का शुभारंभ किया गया। यह पहल मध्य प्रदेश के पांच जिलों में डेयरी किसानों और महिला किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है ।कार्यक्रम का उद्घाटन आनन्दा फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. आर. एस. दीक्षित, आइडीएफसी फस्ट बैंक की उरफ प्रमुख सुश्री रचना अय्यर और उरफ मैनेजर श्री ललित वेदुला ने किया।

इस अवसर पर जोविता मिल्क प्रोड्यूसर्स कंपनी के सदस्य किसानों को शेयर सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया ।जोविता द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं जोविता कंपनी ने पशुपालन को लाभकारी बनाने के लिए अपने उत्पाद जैसे पशु आहार, मिनरल मिक्सचर और कपासिया खली का भी उद्घाटन किया। मुख्य अतिथियों के विचार कार्यक्रम में उपस्थित आइडीएफसी फस्ट बैंक के उरफ प्रमुख रचना अय्यर ने कहा, यह परियोजना न केवल किसानों की आय बढ़ाने में मदद करेगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी प्रदान करेगी।

आनन्दा फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. आर. एस. दीक्षित ने किसानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, श्वेतधारा और जोविता जैसे प्रयास ग्रामीण भारत में सकारात्मक बदलाव लाने में मील का पत्थर साबित होंगे ।विशिष्ट अतिथि इस कार्यक्रम में आइडीएफसी फस्ट बैंक से रचना अय्यर, श्री ललित वेदुला और श्री नितीश आर्य, आनन्दा फाउंडेशन से डॉ. आर. एस. दीक्षित, कार्यकारी निदेशक रजीउल हसन और प्रबंधक नितिन कुमार, जोविता मिल्क प्रोड्यूसर्स कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनीता नायर और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्सउपस्थित रहे। किसानों के लिए संदेश कार्यक्रम में मौजूद सभी विशिष्टजनों ने किसानों को बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित किया और उनकी भलाई के लिए निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया।

# नगर निगम में सीपीआर देने की हुई वर्कशॉप, केजीएमयू के डॉक्टर ने दी ट्रेनिंग

वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) हार्ट अटैक व कार्डियक अरेस्ट में दिए जाने वाला एक इमरजेंसी ट्रीटमेंट है। यह ट्रीटमेंट रोगी को तब दिया जाता है जब किसी व्यक्ति की दिल की धड़कन अचानक रुक जाती है। इस स्थिति में सीपीआर देकर व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। इसको लेकर नगर निगम में अधिकारियों और कर्मचारियों को केजीएमयू के कार्डियोलॉजी विभाग में प्रो. ऋषि सेठी ने वर्कशॉप करके जागरूक व ट्रेंड किया। इस वर्कशॉप में लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल, नगर निगम कमिश्नर इंद्रजीत सिंह, समस्त अपर नगर आयुक्त, अधिकारीगण और समस्त नगर निगम के कर्मचारी मौजूद रहे।

नगर निगम मुख्यालय में बाबू राजकुमार श्रीवास्तव कक्ष (कमेटी हॉल) में बुधवार को सीपीआर देने को लेकर ट्रेनिंग दी। इस दौरान प्रो. ऋषि सेठी ने नगर निगम के कर्मचारियों को डेमो सीपीआर देकर बताया। साथ ही नगर निगम के ही कर्मियों को मंच पर बुलाकर उनसे सीपीआर देने का अभ्यास भी कराया। वर्कशॉप खत्म होने के बाद महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि हर व्यक्ति को सीपीआर देना आना चाहिए। हम कब और कहां किस स्थिति में फंस जाएं कभी पता नहीं होता। ऐसे में सीपीआर जोकि एक इमरजेंसी ट्रीटमेंट है अगर हर व्यक्ति को आ जाए तो हम काफी जिंदगियों को बचाने में कामयाब हो सकते हैं। नगर निगम में ऐसे ही जागरूकता भरे वर्कशॉप आगे भी कराए जाएंगे जिससे कि हमारे अधिकारी व कर्मचारी जागरूक और बेहतर ट्रेंड रहें।



प्रो. ऋषि सेठी ने कहा कि हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट के केस लगातार बढ़ते जा रहे हैं। सड़क हादसे भी आजकल बढ़ गए हैं, ऐसे में सीपीआर देकर मरीज की जान बचाई जा सकती है। सीपीआर अचानक कार्डियक अरेस्ट आने पर लाइफ सेविंग की तरह काम करती है। इसकी जानकारी न होने के चलते बहुत से लोगों की जान चली जाती है। उन्होंने बताया कि हार्ट अटैक आने के बाद 5 मिनट में सीपीआर देना शुरू कर देना चाहिए। इसके जरिए ऑक्सिजिनेटेड ब्लड यानी ऑक्सीजन ले जाने वाले ब्लड को ब्रेन की सेल्स तक पहुंचाते रहते हैं। इससे ब्रेन सेल्स डेड नहीं हो पाते और हार्ट को वापस अपनी स्थिति में चलने के लिए स्टिमुलेट करते रहते हैं। इससे काम करना छोड़ चुकी हार्ट की पल्स फिर से शुरू हो जाती है।

डॉ. सेठी ने बताया कि सीपीआर बेसिक लाइफ सपोर्ट का एक पार्ट है, जिसकी मदद से हार्ट और लंग्स को पूरी तरह जिंदा रखा जाता है। इसमें सेफ्टी का ध्यान रखना चाहिए। कार्डियक अरेस्ट होने पर मरीज का रिस्पॉन्स देखते हैं कि वह जिंदा है या बेहोश हुआ है। अगर वह रिस्पॉन्स नहीं देता है तो मेडिकल हेल्प तुरंत लेनी चाहिए। अस्पताल पहुंचने तक मरीज की पल्स रेट जरूर चेक करें। गले से भी पल्स (केरोटेड पल्स) को चेक करते रहें। ये पल्स हर 10 सेकेंड में चेक करना होता है। अगर केरोटेड पल्स और सांस नहीं मिल रही तो चेस्ट को कम्प्रेसन यानी दबाएं। यह भी सीपीआर का ही हिस्सा होता है।

मरीज को हार्ड सरफेस यानी सख्त जमीन पर लिटाएं। मरीज का शरीर आपके घुटनों के पास होनी चाहिए। सीपीआर देने वाले शख्स के दोनों कंधे मरीज के चेस्ट पर रखें। मरीज के दोनों चेस्ट के बीच हथेली से दबाएं। सीपीआर देने वाले व्यक्ति के दोनों हाथ सीधे होने चाहिए। 1 मिनट में 100-120 बार कम्प्रेसन यानी चेस्ट को दबाएं। 30 बार चेस्ट दबाने के बाद दो बार मुंह से सांस दें। अगर मुंह से सांस न देना चाहें तो चेस्ट दबाना जारी रखें। चेस्ट 2 से 2.4 इंच तक ही दबाएं। इससे उसे रिकॉल करने का मौका मिलता है।

प्रो. ऋषि सेठी ने बताया कि हाल ही में आई एक स्टडी में बताया गया कि अगर किसी को हार्ट अटैक आने के 1 मिनट के अंदर सीपीआर दे दिया जाए तो उसके बचने की संभावना 22% होते हैं, जबकि अगर किसी को 39 मिनट बाद सीपीआर देते हैं तो यह सिर्फ 1% ही होता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन साइंटिफिक सेशन 2013 में जापानी रिसर्चर ने बताया कि मरीज को 30 मिनट के अंदर सीपीआर देने से उसके ब्रेन फंक्शन के लिए अच्छा होता है।

प्रो. ऋषि सेठी ने बताया कि हार्ट अटैक, कार्डियक अरेस्ट और हार्ट फेलियर तीनों दिल से जुड़ी गंभीर समस्याएं हैं, लेकिन इनका मतलब अलग है। हार्ट अटैक तब होता है जब दिल की नसें बंद हो जाती हैं और रक्त का प्रवाह रुक जाता है, जिससे दिल को खून नहीं मिलता। कार्डियक अरेस्ट में दिल अचानक रुक जाता है और धड़कना बंद हो जाता है। हार्ट फेलियर में दिल उतना खून पंप नहीं कर पाता जितना शरीर को चाहिए, जिससे शरीर को पर्याप्त ऑक्सीजन और ऊर्जा नहीं मिल पाती। इन सभी समस्याओं का सही इलाज बहुत जरूरी है।

# आधी रात पशु चोरों से पुलिस की मुठभेड़, दोनों के पैर में लगी गोली, घायल अवस्था में गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**हाथरस।** जिले में थाना हसायन पुलिस ने सूचना मिलने पर चेकिंग के दौरान मंगलवार की रात मुठभेड़ के दौरान दो शातिर पशु चोरों को गिरफ्तार किया। क्षेत्र के अभयपुरा मोड़ के पास हुई मुठभेड़ में दोनों चोरों के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। अपर पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देकर बताया कि पुलिस अधीक्षक और मेरे आदेशानुसार संदिग्ध व्यक्ति-वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

थाना हसायन पुलिस को चैकिंग के दौरान सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति अभयपुरा मोड के पास घूम रहे है। उक्त सूचना पर चैकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियो को जाकर टोका परन्तु वह नहीं रुके और भागने लगे तथा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करने लगे। जिसके उपरांत थाना हसायन पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए अभयपुरा मोड के पास थाना हसायन पुलिस की बदमाशो से हुई पुलिस मुठभेड के उपरान्त आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में 2 अभियुक्त घायल-गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा घायल अभियुक्तो को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणो के कब्जे से दो अवैध तमंचा, दो खोखा कारतूस एक जिंदा बरामद हुए है।





एएसपी ने बताया कि अभियुक्त गण शातिर किस्म के अपराधी है, जो जनपद हाथरस के अतिरिक्त अन्य जनपदो में घटनाऐ कारित की गयी है। अभियुक्त मुकीम उर्फ चूहा के विरुद्ध चोरी, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट, गैंगस्टर एक्ट आदि संगीन धाराओं में करीब दो दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ मे बताया कि हम लोग मिलकर भैंस-पशु चोरी व टप्पेबाजी का काम करते है। हमने दिनांक 26-27 जनवरी की रात में ग्राम ढडौली मे एक घर से 2 भैंस चोरी की थी तथा चोरी की गई भैंस को हम लोगों ने सिरसागंज पैठ मे बेच दिया था। उन रुपयो को हमने आपस मे बराबर-बराबर बांट लिया था। पुलिस ने मुकीम उर्फ चूहा पुत्र बक्शी खाँ और रहमान पुत्र बाबू खाँ निवासीगण मेवाली थाना हाथरस जंक्शन जनपद हाथरस को न्यायालय में पेश किया गया यंहा से जेल भेजने की कार्यवाही की गई है।

## अवैध मिट्टी खनन करने वालों पर खनन अधिकारी मेहरबान

**कांधला।** जनपद में अवैध मिट्टी खनन से भारे वाहन आए दिन लोगों की जान ले रहे हैं। शिकायत के बाद भी राजस्व विभाग और खनन अधिकारी अनजान बने हुए हैं। कस्बे के नानू पूरी गेट पर अवैध मिट्टी खनन से भरे एक वाहन ने दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिसमें एक बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जनपद में अवैध कॉलोनी का जाल बिछा हुआ है। उक्त कॉलोनियां में भराव करने के लिए कांधला, कैराना, शामली, थाना भवन, झिंझाना में अवैध मिट्टी खनन का खेल जारी है। अवैध मिट्टी खनन करने वाले लोग रात्रि में अपनी ट्रैक्टर ट्रालियों में अवैध मिट्टी भरकर कॉलोनियों में भराव कर रहे हैं। अवैध मिट्टी खनन से भारे वाहन आए दिन लोगों की जान ले रहे हैं। पिछले महीने थाना भवन में खनन से भारे वाहनों ने कई लोगों की जान ले ली थी। वही कैराना में भी अवैध मिट्टी से भारे वाहन की चपेट में आकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई थी। अवैध मिट्टी खनन के चलते राजस्व विभाग को भारी नुकसान हो रहा है। शिकायत के बाद भी राजस्व विभाग और खनन अधिकारी अवैध मिट्टी खनन करने वालों पर मेहरबान बने हुए हैं।

# बिजली बिल वसूली करने पहुंची टीम पर हमला सरकारी मीटर तोड़कर कर्मियों को दी धमकी

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** विशारतगंज में बकाया बिजली बिल जमा कराने गई विद्युत विभाग की टीम पर उपभोक्ता भड़क उठा। पहले तो बिल चुकाने में टालमटोल करता रहा, फिर अचानक गुस्से में अपना बिजली मीटर तोड़ दिया और विभागीय कर्मचारी पर हमला कर दिया। आरोपी ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए टीम के सदस्यों को गाली-गलौज की और धमकाया। घटना से भयभीत बिजली कर्मियों ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सरकार द्वार ओटीएस (वन टाइम सेटलमेंट) योजना के तहत बकायेदारों को बिजली बिल पर 60% ब्याज माफी का लाभ दिया जा रहा है। इसी योजना के तहत 22 जनवरी 2025 को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र, विशारतगंज की टीम वार्ड नंबर 01 में उपभोक्ताओं से बकाया बिल जमा कराने पहुंची। टीम में अवर अभियंता साजन कुमार के साथ रामचंद्र (टीजी-कक), मान सिंह (निविदा कर्मी), रूपेंद्र कुमार (निविदा कर्मी) और हृदेश शर्मा (मीटर रीडर) शामिल थे। जब टीम रामप्यारी पत्नी चिरौंजी लाल के घर पहुंची, तो उन पर 9,088 रुपए का बकाया पाया गया। टीम ने उनके बेटे अजेन्दर से बिल जमा करने को कहा, जिस पर उसने जवाब दिया कि उसका छोटा भाई लेखराज अभी गाड़ी लेकर बाहर गया है और लौटने के बाद ही बिल भरा जाएगा। लेकिन अगले दिन भी बिल जमा नहीं किया गया। 24 जनवरी को बिजली विभाग की टीम फिर मौके पर पहुंची, लेकिन उपभोक्ता ने फिर से बहाने बना दिए। 27 जनवरी को दोपहर 12:35 बजे, जब टीम ने संजू पुत्र संतोष के कमर्शियल कनेक्शन पर 5,277 रुपए बकाया होने के कारण उसका कनेक्शन काटा, तो उसी पोल से जुड़े रामप्यारी के कनेक्शन पर भी असर पड़ा। यह देख अजेन्दर आगबबूला हो गया। गुस्से में आकर उसने अपने घर के बिजली मीटर को प्लायर से पीट-पीटकर तोड़ दिया और टूटा हुआ मीटर उठाकर बिजली कर्मी रामचंद्र पर फेंक दिया। इसके बाद आरोपी ने टीम के अन्य सदस्यों मान सिंह और हृदेश शर्मा को गालियां दीं और सरकारी काम में बाधा डालने की धमकी दी।

### डरे सहमे बिजलीकर्मी पहुंचे थाने, आरोपी पर कार्रवाई की मांग

इस घटना से घबराए बिजली विभाग के कर्मचारियों ने अवर अभियंता साजन कुमार के नेतृत्व में थाना विशारतगंज पहुंचकर आरोपी अजेन्दर पुत्र चिरौंजी लाल के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, सरकारी कार्य में बाधा डालने और कर्मचारियों को धमकाने का आरोप लगाया गया है। थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## गौतम बुद्ध महाविद्यालय में बीएड के नये सत्र 2024-26 का हुआ आगाज




**संतकबीरनगर।** सोमवार को बेलहर ब्लॉक के अंतर्गत स्थित गौतम बुद्ध महाविद्यालय पचपेड़वा में बीएड के नये सत्र 2024-26 का आगाज हुआ। इस दौरान महाविद्यालय में आये हुए सभी प्रशिक्षुओं का विद्यालय परिवार ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि आदर्श जनता इंटर कालेज पचपेड़वा के प्रधानाचार्य शैलेन्द्र शुक्ला ने प्रशिक्षुओ से कहा कि शिक्षकों के कंधे पर समाज निर्माण की पूरी जवाबदेही होती है। वे देश के लिए वैज्ञानिक से लेकर डॉक्टर तक बनाते हैं ऐसे में शिक्षकों को तैयार करने में महाविद्यालय की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि आप सभी प्रशिक्षु निरंतर मेहनत करते हुए सफलता की ओर बढ़ते रहे। इस मौके पर प्राचार्य डॉ दीपक अग्रवाल ने सभी प्रशिक्षुओं को विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी देते शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर सुल्तान नूरुद्दीन, मसलाहुद्दीन, इंद्रपाल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## राजेश संदलाना बने कैथल के सह-जिला प्रभारी

वेलकम इंडिया

**हरियाणा/हिसार।** किसान मजदूर कांग्रेस हिसार के जिला अध्यक्ष रहे हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजेश संदलाना को कांग्रेस पार्टी ने नई जिम्मेवारी सौंपी है। उन्हें कांग्रेस पार्टी की ओर से जिला कैथल का सह-प्रभारी बनाया गया है। इससे उनके पैतृक गांव संदलाना में खुशी का लहर है। रणदीप सुरजेवाला वर्तमान में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य भी हैं।



राजेश संदलाना ने अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला तथा पार्टी शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है उसे वे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे तथा पार्टी संगठन की मजबूती के लिए निरंतर प्रयासरत्त रहेंगे। राजेश संदलाना वर्ष 2017 से प्रदेश कांग्रेस पार्टी के सदस्य हैं। वे बरवाला सहित प्रदेश के अन्य हलकों में पिछले काफी लंबे समय से सक्रिय हैं और वे पार्टी के पुराने सिपाही के तौर पर कार्य कर रहे हैं। संदलाना रणदीप सिंह सुरजेवाला के काफी नजदीकी हैं और उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी की गतिविधियों में शामिल रहते हैं। संदलाना हिसार जिले के किसान मजदूर कांग्रेस जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। वे वर्ष 2017 से हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य हैं तथा 2023 से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य हैं।

## नाबालिग के हाथ में बाइक का हैंडल बना मजदूर की मौत की वजह

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** तेज रफ्तार और लापरवाही का खामियाजा एक मजदूर को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा। एक नाबालिग बाइक सवार ने सड़क पार कर रहे 50 वर्षीय व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना को हुए 24 घंटे से ज्यादा समय हो चुका हैं, लेकिन आरोपी नाबालिग अभी भी फरार है। हादसे के तुरंत बाद उसने "याददाश्त खोने" का बहाना बनाया और जैसे ही मौका मिला, वहां से भाग निकला।

घटना को एक दिन बीत जाने के बावजूद, आरोपी छात्र अभी तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया। हादसे के बाद आरोपी ने मौके पर मौजूद लोगों को धोखा देने के लिए याददाश्त खोने का नाटक किया और जैसे ही उसे मौका मिला, वहां से भाग निकला।

यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि नाबालिगों को वाहन चलाने की अनुमति देना कितना खतरनाक हो सकता है। इस हादसे ने न सिर्फ एक परिवार का सहारा छीन लिया, बल्कि यातायात नियमों की अनदेखी के गंभीर परिणामों को भी उजागर किया है।

### बिना हेलमेट और लाइसेंस के चला रहा था बाइक



मृतक की पहचान रफीक (50) के रूप में हुई है, जो लालफाटक स्थित एक बेकरी में केक बनाने का काम करते थे। रोज की तरह सुबह सबेरे 8:00 बजे वह अपने काम पर जाने के लिए घर से निकले थे। करीब 8:40 बजे लालफाटक पुल के पास जब वह सड़क पार कर रहे थे, तभी बुखारा की ओर से तेज रफ्तार में आ रही बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जानकारी के मुताबिक, बाइक सवार एक नाबालिग छात्र था, जिसने न तो हेलमेट पहना था और न ही उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस था।

## जैन समाज ने की शोक सभा

**कांधला।** बडौत में मंगलवार को हुए हादसे के बाद नगर के श्री दिगम्बर जैन मंदिर में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें हादसे में मृतकों की आत्मा की शांति व घायलों की शीघ्र स्वस्थ लाभ मिलने के लिए प्रार्थना की गई। मंगलवार की सुबह बडौत के श्री दिगम्बर जैन कॉलेज के सी प्रांगण में चल रहे भगवान आदिनाथ के लड्डू निर्माण महोत्सव के दौरान 65 फुटा मचान गिरने से सात लोगों की मृत्यु हो गई थी, जिसमें दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मंगलवार की देर शाम नगर के श्री दिगम्बर जैन मंदिर के प्रांगण में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें श्री दिगम्बर जैन समाज, श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन सभा, व्यापार मंडल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, ब्राहम्ण समाज के साथ - साथ वैश्स सभा के पदाधिकारियों व कार्यकत्ताओं ने पहुंचकर मृतकों को भावभीनी श्रद्धाजंली अर्पित की उनके प्रभु को अपने चरणों में स्थान देने तथा उनके परिवार को धैर्य देने की प्रार्थना की गई।

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत, पुलिस शिनाख्त में जुटी

**कांधला।** शामली से दिल्ली जा रही ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। यात्रियों ने मामले की सूचना 108 एंबुलेंस को दी। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस मृतक के शव को लेकर कस्बे के राजकीय अस्पताल में पहुंची। आरपीएफ पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक की कोई पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मृतक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। बुधवार को शामली से दिल्ली जाने वाली ट्रेन की चपेट में आने से एक 60 वर्षीय वृद्ध की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। रेलवे स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने मामले की सूचना 108 एंबुलेंस को दी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस मृतक के शव को लेकर कस्बे के राजकीय अस्पताल पहुंची। स्टेशन मास्टर ने मामले की सूचना आरपीएफ पुलिस को दी। सूचना पर आरपीएफ पुलिस कस्बे के राजकीय अस्पताल पहुंची और मृतक के शव की पहचान कराने का प्रयास किया। घंटे बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो पाई। आरपीएफ पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर नवीन कसाना का कहना है कि मृतक के शव की पहचान कराने के लिए जनपद के सभी थानों सहित आसपास के जनपदों के थानों में मृतक के फोटो भेज कर पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## महिला ने लगाया पति व जेठ पर मारपीट करने का आरोप

**कांधला।** करण कोतवाली क्षेत्र के गांव झाड़खेड़ी निवासी महिला ने अपने पति और जेठ पर मारपीट करने और जेठ पर बुरी नीयत रखने का आरोप लगाते हुए गाड़ी में डालकर पूर्वी यमुना नहर के निकट फेंककर फरार हो जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। करण कोतवाली क्षेत्र के गांव झाडखेड़ी निवासी महिला सोनिया बुधवार को थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि गुरुवार की रात्रि नौ बजे पीड़िता के पति लोकेंद्र और जेठ तार बाबू ने शराब पी रखी थी। आरोप है कि पीड़िता के पति लोकेंद्र और जेठ तार बाबू ने पीड़िता के साथ मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि पीड़िता का जेठ पीड़िता पर बुरी नजर रखता है। आरोप है कि दोनों भाई पीड़िता को कार में डालकर कस्बे के पूर्वी यमुना नहर स्थित रफीक झारे के कोल्हू के निकट फेंककर फरार हो गए।

# शादी के कार्ड बांटकर घर आ रहे युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

## शादी की खुशियां मातम में बदली परिजनों ने गमगीन माहौल में किया अंतिम संस्कार

वेलकम इंडिया

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित गांव नानूपुरी गेट के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई एवं दूसरा युवक का गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है। मृतक युवक के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव नानूपुरी निवासी रामधन की दो पुत्रियों आरती एवं पूजा की शादी आगामी 18 फरवरी को होनी है। घर में शादी की खुशियां मातम में उस वक्त बदल गई जब बहनों की शादी के कार्ड रिश्तेदारों में बाटकर वापस आ रहे युवक की हादसे के





दौरान मौत हो गई। गांव नानूपुरी निवासी रामधन का 30 वर्षीय पुत्र जितेंद्र बागपत निवासी अपने रिश्तेदार मोना के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर थानाभवन थाना क्षेत्र में गत दिवस मंगलवार को शादी के कार्ड बांटने के लिए गया हुआ था। मोटरसाइकिल सवार शादी के कार्ड बाटकर वापस अपने घर आ रहा था। जैसे ही मोटरसाइकिल सवार अपने गांव दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित गेट के निकट पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल पर सवार युवक जितेंद्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और मोना गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की युवक के शव को कब्जे में लिया और घायल युवक को उपचार के लिए कस्बे के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार को शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और परिजनों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के चाचा तीर्थपाल ने थाने पहुंचकर अज्ञात वाहन एवं चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस वाहन चालक एवं वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

गांव ननूपुरी स्थित नेशनल हाईवे के समीप सैकड़ो बीघा भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही है। और भूमि पर मिट्टी भराव का कार्य दिन रात अवैध तरीके से किया जा रहा है।

## रबड़ फैक्ट्री के कर्मचारियों के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट से आई अच्छी खबर शुरू हुई भुगतान की प्रक्रिया

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** करीब 25 साल से बंद पड़ी रबड़ फैक्ट्री के कर्मचारियों के बकाया के भुगतान की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने कर्मचारियों की ओर से पैरवी कर रही एसएंडसी यूनियन को सभी कर्मचारियों के दस्तावेज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। यूनियन को ऐसे करीब साढ़े तीन सौ कर्मचारियों की सूची भी भेजी है जिनके दस्तावेज अपूर्ण हैं। आपको बता दें कि रबड़ फैक्ट्री 1999 में बंद हो गई थी और उसके 1432 कर्मचारियों का करोड़ों का भुगतान फंस गया था। मुंबई की अलकेमिस्ट कंपनी ने बॉम्बे हाईकोर्ट में फैक्ट्री की करीब 14 सौ एकड़ जमीन पर मालिकाना हक का दावा ठोंका तो कर्मचारियों के बकाया भुगतान का मामला अटक गया। अब कई साल से अलकेमिस्ट कंपनी और राज्य सरकार के बीच बॉम्बे हाईकोर्ट में केस चल रहा है। इस बीच एसएंडसी यूनियन की ओर से लगातार कर्मचारियों के बकाया भुगतान की मांग की जा रही है। हाईकोर्ट के आदेश पर यूनियन की ओर से सभी कर्मचारियों की सूची भी भेजी गई थी जिसमें से 540 कर्मचारियों का कोर्ट बकाया भुगतान कोर्ट तय कर चुका है। इनकी सूची भी यूनियन को भेजी जा चुकी है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने अब साढ़े तीन सौ उन कर्मचारियों की सूची और यूनियन को भेजी है, जिन्होंने अपने दस्तावेज जमा नहीं किए हैं। कोर्ट ने यूनियन को इन सभी के दस्तावेज जल्द जमा कराने का निर्देश दिया है। एसएंडसी यूनियन के महामंत्री अशोक मिश्रा ने बताया है कि सूची में जिन कर्मचारियों के नाम हैं, उन्हें सूचना दी जा रही है। दस्तावेज जमा होने के बाद भुगतान संबंधी पत्र भेजा जाएगा। श्रमिक नेता प्रमोद कुमार ने बताया कि सोमवार को रबड़ फैक्ट्री के राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में आयोजित यूनियन की बैठक में भी हाईकोर्ट के निदेशों की जानकारी दी गई।

## पुलिस ने हटवाया अतिक्रमण दी सख्त चेतावनी

वेलकम इंडिया

**कांधला।** कस्बे में अतिक्रमण नासूर बनता जा रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने भारी पुलिस बल के साथ कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड से अतिक्रमण हटाया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने अतिक्रमण करने वालों को सख्त चेतावनी दी है।



कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड, मयूर तिराहा, मैन बाजार व रेलवे रोड सहित कई स्थानों पर व्यापारियों के द्वारा अतिक्रमण कर रखा है। अतिक्रमण के चलते राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अतिक्रमण के चलते हैं कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड, मयूर तिराहा हाईवे रेलवे रोड पर एग्जाम की स्थिति बनी रहती है। कई बार लोगों के द्वारा पालिका प्रशासन और जिलाधिकारी को शिकायत कर अतिक्रमण से निजात दिलाए जाने की मांग की जा चुकी है। आरोप है की शिकायत के बाद भी पालिका प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है। कई बार अतिक्रमण के चलते काफी लंबा जाम लग जाता है, जिसके चलते राहगीर घंटों जाम में फंसे रहते हैं। पुलिस को भारी मशक्कत के बाद जाम को खुलवाना पड़ता है। बुधवार को थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह, एस एस आई सुभाष सिंह और भारी पुलिस बल के साथ कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पहुंचे। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक ने अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों को सख्त चेतावनी देते हुए अतिक्रमण हटवाया। उन्होंने चेतावनी दी दोबारा से अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि किसी को भी अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा।

## सड़क दुघर्टना में युवक की मौत, मुकदमा दर्ज

**अहमदगढ़।** क्षेत्र के गांव हजरतपुर निवासी प्यारेलाल ने थाने में तहरीर देते हुए कहा है कि बेटा भगतसिंह 27 वर्ष 23 जनवरी देर शाम को बाइक द्वारा अहमदगढ़ गया था। अहमदगढ में स्थित सैदगढी गांव मोड़ पर खड़ा हुआ था। उसी दौरान आई जेसीबी ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। चालक जेसीबी छोड़ कर मौके से भाग गया। जिसमें बाइक चालक भगत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज मलिक का कहना है कि मृतक के पिता प्यारेलाल की तहरीर पर जेसीबी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सपा में प्रदेश सचिव नियुक्त किए गए रेहान खान, खुशी

वेलकम इंडिया

**लखीमपुर खीरी।** समाजवादी पार्टी के लिए समर्पित पलिया निवासी रेहान खान को उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया। नियुक्ति पत्र प्रदेश कार्यालय से जारी होने के बाद रेहान के चाहने वालों में खुशी की लहर देखी जा रही है। नव नियुक्त रेहान खान को मुबारकबाद देने के लिए लोग उनके आवास पर पहुंच कर उनको मुबारकबाद पेश कर रहे हैं। फोन पर भी लोग उन्हें मुबारकबाद पेश कर रहे हैं।



संवाददाता से बातचीत के दौरान रेहान खान ने बताया कि मैं समाजवादी पार्टी के लिए समर्पित हूं मेरी मेहनत और लगन को देखकर राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश की कार्यकारिणी ने लिए यह फैसला लिया है। इसलिए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव को और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लालपाल का धन्यवाद अदा करता हूं रेहान खान ने बताया में समाजवादी पार्टी के लिए पहले भी समर्पित था और आगे भी समर्पित रहूंगा। उन्होंने का सन 2027 में बदलाव लाने के लिए पहले से की जनता के बीच पहुंच रहे हैं। जनता के बीच बहुत सारी समस्याएं हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ उन तक सीधा नहीं पहुंच रहा है। स्वच्छ पेयजल को लेकर जो सरकार दावा कर रही है लोगों के घरों में स्वच्छ पेयजल अभी तक नहीं पहुंचा है। ग्राम पंचायतो में बनाई गई पानी की टंकियां और घरों में किए गए कनेक्शन सिर्फ सोपीस साबित हो रहे हैं। महंगाई के चलते जनता त्राहि त्राहि कर रही है। गन्ने के भुगतान को लेकर किसान परेशान है। किसानों को समय पर गाने का भुगतान न मिलने से उनको तमाम समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। किसान अपनी गन्ने की फसलों को छोड़कर केले की फसलों का रुख कर रहे हैं। 14 दिनों में किसानों के गाने का भुगतान दिए जाने का वादा सरकार का खोखला है। किसान अपनी फसलों को आवारा जानवरों से बचने के लिए खेतों में दिन-रात एक कर रहे हैं। गरीब और गरीब और अमीर और अमीर होता जा रहा है। हर मुद्दे पर सरकार फेल होती हुई दिख रही है।

# गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने डीएम से मुलाकात मे खोली निजी स्कूलों की मनमानी और आरटीई के दाखिलों की पोल





**वेलकम इंडिया अनिल कुमार**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने आज जिले के नए जिलाधिकारी दीपक मीणा से जिले की शिक्षा व्यवस्था को सुधारने और आरटीई के दाखिलों की प्रक्रिया मे बड़े स्तर पर हो रही खामियों को दूर करने के लिए लगभग 30 मिनट तक विस्तृत रूप से चर्चा हुई गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी और सचिव अनिल सिंह ने बताया कि आज हमने शिक्षा के विभिन्न मुद्दों को लेकर जिलाधिकारी से मुलाकात की हमने जहा निजी स्कूलों द्वारा कॉपी , किताब, स्टेशनरी , यूनिफॉर्म और मोटी फीस के नाम की जा रही लूट पर अंकुश लगाने का अनुरोध किया है वहीं आरटीई के अंतर्गत आने वाले स्कूलों में सीटों की मैपिंग दुरुस्त करने ,दाखिला नहीं लेने वाले स्कूलों पर कार्यवाई सुनिश्चित करने और प्रदेश सरकार के माध्यम से आरटीई के अंतर्गत चयनित बच्चो की शिक्षा कक्षा 8 से बढ़ाकर कक्षा 12 तक करने और दुर्बल वर्ग के अंतर्गत आने वाले अभिभावकों की सालाना आय 1 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने की संतुति करने का निवेदन किया है आज जिलाधिकारी के साथ शिक्षा से संबंधित सभी मुद्दों पर चर्चा बेहद सफल रही।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और जिले की शिक्षा व्यवस्था को सुधारने और गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के आरटीई के दाखिलों की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए साथ मिलकर कार्य करने के लिए आश्वस्त किया । इस मौके पर साधना सिंह , अनिल सिंह , धर्मेंद्र यादव ,पवन शर्मा , राजू सैफी, पवन शर्मा, कौशलेंद्र सिंह, सुमित त्यागी , नरेश कुमार , श्रीकांत , रामभूल , मीनू , राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

## दहेज हत्या मामलें में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान के पर्यवेक्षण प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 राजकुमार पटेल, हे0का0 रामभवन गुप्ता ने मु0अ0सं0 82/2025 धारा 85,80(2) बीएनएस 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम मे वांछित अभियुक्त पवन पुत्र सुखारी निवासी इमलडीहा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि उक्त अभियुक्त द्वारा वादी की नातिनी को दहेज के लिए काफी समय से प्रताड़ित कर रहे थे दहेज की मांग पूरी न करने पर प्रतिवादी द्वारा दिनांक 27.01.2025 को वादी की नातिनी की हत्या कर दिया गया था जिस संबन्ध में वादी द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था ।

# जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जनपद न्यायाधीश महेंद्र प्रसाद चौधरी के निर्देशन में बुधवार को जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज महेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण स्थापित करना ही मिशन शक्ति का उद्देश्य है।

उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति एक दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य सुरक्षा और संरक्षा के बारे में महिलाओं को जागरूक करना तथा उनके ज्ञान और कौशल को बढ़ाने के लिए कार्यशालाओं की एक व्यापक श्रृंखला के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाना है। उन्होंने घरेलू हिंसा व महिलाओं के प्रति होने वाले हिंसा तथा उनके निराकरण के बारे में विस्तार से बताया।

लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ अन्जय कुमार श्रीवास्तव ने प्राधिकरण के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताते हुए नए कानून के बारे में विस्तार से बताया। असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल मो. दानिश ने डिजिटल अरेस्ट से बचने के बारे में जानकारी दिया।

इस अवसर पर मुख्य रुप से खंड शिक्षा अधिकारी जनार्दन यादव, डायट प्रवक्ता संजय कुमार, उपेन्द्र यादव, सच्चिदानंद, तृप्ति श्रीवास्तव, निगम राय, अनुराधा कुमारी, विजय लक्ष्मी त्रिपाठी, विनीता राय, शकुन्तला मौर्य, सत्यवती मौर्य, सुभद्रा सिंह, पुनीता धर, साधना, वीरेंद्र कुमार, शैलेन्द्र यादव समेत विद्यालय के छात्र व छात्राएं मौजूद रहीं।

# उर्दू शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश के निर्देश पर डायट कांठ पर जनपद के परिषदीय विद्यालयों के उर्दू शिक्षकों के लिए आयोजित तीन दिवसीय आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण का बुधवार को सकुशल समापन हो गया ।प्रशिक्षण के दौरान उर्दू शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधियों, शिक्षण सामग्री के प्रभावी उपयोग, उर्दू भाषा शिक्षण को सरल और आकर्षक बनाने की नई तकनीकें सिखाई गईं ।प्रशिक्षण के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गए।

डायट प्राचार्य /उपशिक्षा निदेशक के मार्गदर्शन एवं डायट की उर्दू प्रवक्ता डॉक्टर नेहा इकबाल की निगरानी में चल रहे जनपद के परिषदीय विद्यालयों के उर्दू अध्यापकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया।

प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को विद्यालय में बच्चों को उर्दू भाषा पढ़ाने के प्रभावी तौर-तरीके सिखाए गए ।इस अवसर पर प्रतिभागी शिक्षकों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान और शिक्षण तकनीकों को शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में प्रभावी रूप से अवश्य लागू करें ।ताकि बच्चों के शैक्षिक स्तर में सुधार हो सके ।उर्दू प्रवक्ता डॉक्टर नेहा इकबाल ने भी शिक्षकों से कहा कि वे अपने विद्यालयों में आधुनिक शिक्षण विधियों का उपयोग करें, ताकि छात्रों को उर्दू भाषा की शिक्षा रोचक और प्रभावी तरीके से दी जा सके।

प्रवक्ता शीतल कुमार, अनिल कुमार यादव और लोकेंद्र सिंह ने भी शिक्षकों से कहा कि वे यहां सीखी गई शिक्षण विधियों को कक्षा शिक्षण में शामिल करें, ताकि विद्यार्थियों की समझ बेहतर हो और वे उर्दू भाषा को अधिक रुचिपूर्ण ढंग से सीख सकें ।सन्दर्भदाता शमीम अहमद, नसीम अहमद और मोहम्मद यामीन ने प्रशिक्षण को बेहद व्यवस्थित और स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया, जिससे प्रतिभागी आसानी से नई शिक्षण तकनीकों को समझ सके।

शिक्षक मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद अकरम, मोहम्मद लईक, इन्तिजाम अली, इंसाफ अली, मोहम्मद उमर, फरहत अली, आफताब आलम, मुशाहिद अली, शहाना बेगम, शाहीन, नायाब, फौज़िया और नाजमा आदि ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया।

# श्रोताओं ने राकेश उपाध्याय के लोक गीतों का किया रसपान

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** कबीर मगहर महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार की सांय अंतरराष्ट्रीय लोकगीत गायक राकेश उपाध्याय के निर्गुण,भक्ति व श्रृंगार रस की प्रस्तुति को सभी ने सराहा ।शानदार प्रस्तुति से पांडाल में बैठे श्रोता झूमने को मजबूर हुए ।इस दौरान महोत्सव कमेटी के द्वारा अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम का संचालन मशहूर लोक गायिका स्वीटी सिंह ने किया। प्रसिद्ध लोकगीत गायक राकेश उपाध्याय ने कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से की जिसके बोल थे ₹हाथ जोड़ी तोहके मनाई ये महारानी, आओ मोरी शारदा भवानी₹ गीत सुनाकर भक्ति की छटा बिखेरी ।इसके बाद भोजपुरी निर्गुण गीत ₹केकर केकर जान लेबू चुनरी रंगाई के₹खूबसूरत ढंग से प्रस्तुत किया ।इसके बाद उन्होंने गांव की माटी को याद करते हुये भोजपुरी गीत प्रस्तुत किया ।जिसके बोल थे ₹ कुईंयां के ठंडा पानी पीपल की छांव रे₹ की प्रस्तुति ने सभी को गुनगुनाने पर मजबूर किया। मनमोहक आवाज में निर्गुण श्रृंगार गीत ₹नइहर के झुलनी हेराईल ए गोरी ससुरा में कइसे जईबू₹ की पस्तुति मनमोहक ढंग से की ।जिसे सुनकर श्रोतागण झूमते रहे रही।



## स्काउटों ने संभाल रखी है जिम्मेदारी

**संतकबीरनगर।** कबीर मगहर महोत्सव के दूसरे दिन भी भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था संत कबीर नगर के तत्वाधान में सेवा कार्य डीआईओएस के निर्देशन,जिला आयुक्त स्काउट कमिश्नर डॉक्टर राकेश सिंह व जिला गाइड कमिश्नर निशा यादव के निर्देशन में किया जारहा है ।जिला संगठन कमिश्नर रमेश यादव ने बताया कि भीड़ को नियंत्रित करने,व श्रोताओं अधिकारियों को कोई परेशानी न हो इसके लिये स्काउट/गाइड अपनी अहम भूमिका निभारहे हैं। इसमें जिला सचिव रविप्रकाश श्रीवस्त्व,योगेंद्र सिंह,डीटीसी अमरेश बहादुर सिंह,प्रदीप श्रीवास्तव,स्काउट मास्टर मुकेश कुमार यादव,रामकुंवर मौर्य के अलावा विकास कुमार,शिवम,सैफ अली खान,कुनाल, निखिल शर्मा,अनुराग गौतम,मोहम्मद अरशद,मोहम्मद जीशान,मोहम्मद अदनान,अंकित विश्वकर्मा,सतीश यादव,सूरज,निखिल,अनूप आदि सेवा देरही हैं। जिनमें हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज खलीलाबाद के 50 स्काउट संत कबीर आचार्य रामविलास इंटर कॉलेज मगर के 50 स्काउट और गाइड बाल विद्यालय प्रसादपुर के 40 गाइड प्राथमिक विद्यालय अटलोहिया के स्काउट समस्त ट्रेनिंग काउंसलर/ रोवर/ रेंजर्स आईटी कोऑर्डिनेटर तहसील काउंसलर खलीलाबाद विकास कुमार तहसील काउंसलर घनघटा जामवंत यादव अंबिता यादव अमित पटेल मोहम्मद जीशान अंसारी निकेश यादव सर्वेश कुमार शर्मा नयन गुप्ता शिवाकांत चौरसिया विजय राज चौरसिया स्वतंत्र दल के 30 स्काउट उपस्थित रहे ।जिन्होंने कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

इस मौके पर महोत्सव सचिव /एसडीएम सदर शैलेश दूबे, तहसीलदार जनार्दन मौर्य, अवधेश सिंह,चंदन सैनी, सभासद मेंहदी हसन आदिमौजूद रहे।

## कबीर भजन सुनकर श्रोता झूम उठे

**संतकबीरनगर।** सद्गुरु कबीर की याद में लगरहे सात दिवसीय कबीर मगहर महोत्सव के दूसरे दिन महंत विचारदास की अध्यक्षता में कबीर भजन गायक डाक्टर हरिशरण शास्त्री ने कबीर भजन की खूबसूरत प्रस्तुति की ।इस दौरान उन्हें महोत्सव समिति के सदस्य अवधेश सिंह ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कबीर भजन की शुरूआत डाक्टर हरिशरण शास्त्री के गाये भजन₹आवा चलीं हो सद्गुरु के द्वारे,,,₹सुनकर मौहाल को भक्तिमय कर दिया ।इसके बाद ₹सद्गुरु हमसे रीझ के कहा एक प्रसंग,बरसा बादल प्रेम का भीज गयो सब अंग₹निर्गुण भजन सुनाया ।इसके बाद उन्होंने अपने पूर्वी कबीर भजन₹कोनी नगरीय मोरे सईयां जी का डेरा,,,कैसे जईबा राम,,₹सुनाया ।इसके फौरन बाद कबीर भजन ₹सुखिया सब संसार है ....₹और ₹भाई रे द्वि जगदीश कहां से आया कह कौन बौराया....₹सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध करदिया। इस मौके पर संत केशव दास,मोतवल्ली खादिम हुसैन,रामलखन दास उर्फ लाल बाबा,सन्त अरविंद शास्त्री,पूर्व चेयरमैन नूरुज्जमा अंसारी,कानूनगो अर्जुन पाठक,कानूनगो चंद्रभूषण कन्नौजिया, अवधेश सिंह,अतुल श्रीवास्तव,गुलाम हुसैन,कृष्णचंद सैनी, कल्पनाथ दास,रामसेवक दास आदि मौजूद रहे।

# मौनी अमावस्या पर मनस्विनी द्वारा वस्त्र व मिष्ठान वितरण किया



**झांसी।** आज झांसी मनस्विनी द्वारा मौनी अमावस्या के शुभ पर्व पर चार्टर अध्यक्ष रजनी गुप्ता तथा कल्पना सेठ की संयुक्त अध्यक्षता में सखी के हनुमान मंदिर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। रजनी गुप्ता ने कहा कि मौनी अमावस्या का विशेष महत्व है। कहते हैं कि इस दिन मौन रहने से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है. मौनी अमावस्या पर पूर्वजों की पूजा और तर्पण करने से सुख-शांति और आशीर्वाद प्राप्त होते हैं. इस दिन जल, काले तिल, भोजन, वस्त्र इत्यादि अर्पित करने से पितरों का आशीर्वाद मिलता है, जिससे परिवार में सुख-समृद्धि और शांति बनी रहती है. कार्यक्रम में सभी सदस्यों द्वारा मंदिर के बाहर बैठे हुए निर्धन बुजुर्गों को गर्म कपड़े महिलाओं को साड़ियां बच्चों को गर्म तथा सादा कपड़े इत्यादि वितरित किए गए। कार्यक्रम संयोजिका तथा पूर्व अध्यक्ष रजनी वर्मा द्वारा मंदिर पर प्रसाद चढ़वा कर सभी को मिष्ठान, बिस्किट्स चॉकलेट इत्यादि वितरित किए गए। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने भरपूर सहयोग किया। शादी में कोषाध्यक्ष संयोगिता सेन का बच्चों के साथ केक कटवाकर शादी की वर्षगांठ भी मनाई गई। कार्यक्रम में रजनी गुप्ता कल्पना सेठ रजनी वर्मा संयोगिता सेन रेनू शुक्ला प्रियंका सरावगी नीलम गुप्ता मोनिका गुप्ता आकांक्षा मलैया रचना सोनी इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मंदिर के प्रांगण में सभी ने मिलकर राम धुन गाई तथा सचिव निधि नगरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया!

## ख्यातिनाम साहित्यकार डॉ मीनू पांडेय साहित्य कला रत्न सम्मान से सम्मानित



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय ख्यातिनाम साहित्यकार,शिक्षाविद् एवं आरणी चैरिटेबल फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ.मीनू पांडेय को उत्कृष्ट साहित्यिक सृजन के लिए साहित्य कला रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। अखिल भारतीय कला मंदिर, भोपाल के 74 वे वार्षिक अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रघुनन्दन शर्मा, विशिष्ट अतिथि उल्लास तैलंग एवं संस्था प्रमुख डॉ गौरीशंकर शर्मा गौरीश ने डॉ. मीनू पांडेय नयन को उनकी कृति, 'देव तुम्हारे लिए' के लिए स्व.श्री वागमल पवैया स्मृति साहित्य कला रत्न (पद्य) सम्मान 2024 से सम्मानित किया ।विदित हो कि डॉ .मीनू पांडे नयन की अभी तक 24 पुस्तके प्रकाशित हो चुकी है ।इनकी पुस्तक 'बुंदेली बतरस' काफी चर्चा में रही, जिसे साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश एवं हिन्दी राष्ट्रभाषा प्रचार समिति द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। डॉ.मीनू पांडेय को साहित्यिक क्षेत्र में पूर्व में भी अनेक अवार्ड,उपाधियों से सम्मानित किया जा चुका है।

# श्री गहोई वैश्य पंचायत के तत्वाधान में 28वां सामूहिक विवाह महायज्ञ 2 फरवरी को होगा संपन्न

**वेलकम इंडिया**



**झाँसी।** श्री गहोई वैश्य पंचायत गहोई समाज की देश की सबसे बड़ी एवं प्रतिष्ठित पंचायत है। पंचायत द्वारा प्रतिवर्ष सामूहिक विवाह महायज्ञ का आयोजन किया जाता है। इस संबंध में पंचायत द्वारा प्रेसवार्ता एवं बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जानकारी देते हुए बताया गया यह सामूहिक विवाह कार्यक्रम का 28वां आयोजन है। कार्यक्रम ग्वालियर रोड स्थित भगवती पेट्रोल पंप के सामने सांस्कृतिक सेवा सदन (गहोई सभागार) में बसंत पंचमी के अवसर पर आयोजित किया जाएगा।

उक्त आयोजन में ठहरने के स्थान, मंडप, भोजन एवं विवाह सामग्री की व्यवस्था पंचायत की तरफ से निशुल्क रहेगी। आयोजन 2 फरवरी को सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होगा। विवाह हेतु वर एवं वधु दोनों की उम्र न्यूनतम 21 वर्ष नियत की गई है साथ ही उनके निवास प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र एवं फोटो भी जमा करना अनिवार्य होगा।

सामूहिक विवाह में विधवा, विधुर, परित्यक्तता युवक व युक्तियां भी आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम में विवाह आयोजन के अतिरिक्त युवक युवतियों के आगामी समय में होने वाले विवाह के संबंध में विशेष परिचय वार्ता का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पंचायत के अध्यक्ष राम प्रकाश नाछोला, कार्यकारी अध्यक्ष नरेश गुप्ता, महामंत्री नितिन सरावगी, सामूहिक विवाह अध्यक्ष कमलेश सेठ, सामूहिक विवाह संयोजक अनिल पटवारी, संरक्षक प्रकाश गुप्ता, जायदाद विकास संरक्षक डॉ० संदीप सरावगी एवं ओमप्रकाश बिश्वारी, सभागार प्रभारी प्रदीप नगरिया एवं अरुण कुमार सेठ, मंत्री अमित सेठ के साथ संजय रेजा आदि उपस्थित रहे।

## नदीगांव स्थित बारात घर बन रहा नशेड़ियों का अडडा

**बागेश्वर।** नगर के नदीगांव स्थित नगर पालिका द्वारा पूर्व में बनाया गया बारात घर नशेड़ियों का अडडा बन चुका है। साथ ही भवन खंडहर हो चुका है। स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी से इस भवन का उपयोग करने हेतु अन्य विभाग को हस्तांतरित किए जाने की मांग की है। भाजपा नेता एडवोकेट भगवती धपोला, वरिष्ठ पत्रकार और समाजसेवी अशोक चंद्र लोहुमी,वंशीधर कांडपाल, सुरेश जोशी ने बताया कि लगभग आठ साल पूर्व नगर पालिका द्वारा बाड़ीखालसा नदीगांव में रैन बसेरे व बारात घर के नाम पर विशाल भवन का निर्माण किया। जिसे अधूरा छोड़ दिया गया है। भवन के लावारिस होने के कारण यहां पर नशेड़ियों का अडडा बन चुका है। कई बार नशेड़ी रात भी यहां बिताते हैं।

# 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते सेनेटरी इंस्पेक्टर रंगे हाथों गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**हाथरस।** एंटी करप्शन टीम ने बुधवार को एक नगर पालिका के सेनेटरी इंस्पेक्टर 50 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है, जिनका नाम महेश कुमार बताया गया है। इसके खिलाफ थाना हाथरस गेट पर मुकदमा दर्ज किया गया है। एक ठेकेदार की शिकायत पर अलीगढ़ से एंट्री करप्शन टीम आई थी, सेनेटरी इंस्पेक्टर पर डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के ठेके के भुगतान के लिए रिश्वत की मांग का आरोप बताया गया था।

एंटी करप्शन टीम अपने बिछाए गये जाल से सेनेटरी इंस्पेक्टर को दबोच दिया, ठेकेदार ने सेनेटरी इंस्पेक्टर को नगर पालिका के गेट के बाहर ओव्रिज के नीचे स्थित एक चाय की दुकान पर बुलाया, थोड़ी देर इन दोनों के बीच बातें शुरू हुई और 500-500 के नोटों की गड्डी रिशवत के तौर पर सेनेटरी को थमाई, जैसे ही रुपयों की गड्डी हाथों में पहुंचते ही एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथों ही दबोच लिया। जैसे ही यह जानकारी नगर पालिका के लोगों को हुई हड़कंप मच गया, इधर एंटी करप्शन टीम सेनेटरी इंस्पेक्टर को हाथरस गेट थाने लेकर आई और यहां पर मुकदमा दर्ज कराया। देर शाम तक थाना हाथरस गेट पर नगर पालिका के कर्मचारी व अन्य लोगों की भीड़ देखने को मिली।

# कुंभ मेले में हादसों का इतिहास

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** कुंभ मेले के इतिहास में भारी भीड़ की वजह से अफरातफरी और भगदड़ का इतिहास बहुत पुराना है।

**1954:** आजादी के बाद पहली बार 1954 में प्रयागराज में कुंभ मेला आयोजित किया गया था। नई-नई भारत की प्रशासनिक मशीनरी ऐसे आयोजनों के लिए अभयस्त नहीं थी। 3 फरवरी 1954 को इलाहाबाद (अब के प्रयागराज) में कुंभ मेले में मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर पवित्र स्नान करने के लिए उमड़े श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई। इस दौरान लगभग 800 लोग नदी में डूबकर या तो कुचलकर मर गए।

**1986:** ये कुंभ मेला हरिद्वार में लगा था। इस दौरान भी भगदड़ मची इसमें भी दर्जनों लोग दबकर मर गये थे। एक रिपोर्ट के अनुसार 14 अप्रैल 1986 को इस मेले में यूपी के तत्कालीन मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह, कई राज्यों के सीएम और सांसदों के साथ हरिद्वार पहुंचे थे। इस कारण आम लोगों की भीड़ को तट पर पहुंचने से रोका गया। इससे भीड़ बेकाबू हो गई और भगदड़ मच गई। रिपोर्ट के अनुसार इस हादसे में 200 लोगों की मौत हुई थी।

**2003:** 1986 के हादसे के बाद लंबे समय तक कुंभ मेला सफलतापूर्वक चलता रहा। इस दौरान क्राउड मैनेजमेंट में भी सुधार होता रहा। लेकिन 2003 में नासिक कुंभ में एक बार फिर हादसा हुआ। नासिक में आयोजित कुंभ मेले के दौरान एक भयानक भगदड़ मच गई थी, जिसमें 39 तीर्थयात्रियों की जान चली गई थी। यह घटना बेहद दुखद थी और इसने लाखों लोगों को झकझोर कर रख दिया था। इस कुंभ हादसे में 100 लोग जख्मी हो गए थे।





**2010:** इस बार का कुंभ मेला हरिद्वार में हो रहा था। 14 अप्रैल 2010 को हरिद्वार कुंभ में शाही स्नान के दौरान साधुओं और श्रद्धालुओं के बीच झड़प के बाद मची भगदड़ में 7 लोगों की मौत हो गई थी और 15 लोग घायल हो गए थे। इस घटना के बारे में चश्मदीदों ने बताया था कि साधुओं और श्रद्धालुओं में कहासुनी हुई जिसके बाद लोगों में भगदड़ मच गई थी। और लोग इधर-उधर भागने लगे थे।

**2013:** नासिक कुंभ के 10 साल बाद 2013 के प्रयागराज कुंभ में एक बार फिर हादसा हुआ। लेकिन इस बार ये हादसा इलाहाबाद रेलवे स्टेशन पर हुआ था। इस हादसे में 42 लोगों की मौत हो गई थी। एक रिपोर्ट के अनुसार, इलाहाबाद रेलवे स्टेशन पर एक फुटब्रिज पर रेलिंग गिरने के बाद भगदड़ मची। हालांकि, प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि स्टेशन पर भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया था। इस वजह से भगदड़ मची। इस हादसे में 42 लोगों की मौत हो गई थी। इनमें 29 महिलाएं, 12 पुरुष और एक आठ साल की बच्ची शामिल थी। इसी घटना में 45 लोग जख्मी भी हो गये थे। 2013 के बाद भगदड़ की घटना 2025 में सामने आई है, इस घटना में अभी तक कितने लोग हताहत हुए हैं इसका कोई भी प्रशासनिक जवाब अभी तक फिल्हाल सामने नहीं आया है। लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इस घटना में भी काफी लोगों की जाने गई हैं।

# डीएम ने सीएम डैशबोर्ड के विकास कार्यों में असंतोषजनक रैंकिंग में अधिकारियों को अपेक्षित सुधार लाने के दिए निर्देश

वेलकम इंडिया




**हाथरस।** सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत विकास कार्यों में असंतोषजनक रैंकिंग से संबंधित विभागों के प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में करते हुए जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने संबंधित अधिकारियों को रैंकिंग में अपेक्षित सुधार लाने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा करने पर पाया गया कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति-शुल्क प्रतिपूर्ति योजना, पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10), भवन निर्माण, आईसीडीएस अनुसूचित जाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना, अनुसूचित जाति पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, सामान्य वर्ग दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना, डे-एनआरएलएम क्रेडिट लिंकेज, जल जीवन मिशन (हर घर जल), फैमिली आईडी, राज्य योजना, निपुण भारत मिशन, मध्यान्ह भोजन, नई सड़कों का निर्माण/अनुरक्षण कार्य तथा ईको टूरिज्म आदि की रैंकिंग में अपेक्षित सुधार न होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करतें हुए सम्बन्धित संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही करने के कडे निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कार्यो के भौतिक प्रगति के सापेक्ष उपलब्ध धनराशि से शतप्रतिशत ससमय भुगतान करने के निर्देश दिए। सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग में सुधार लाने हेतु उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रतिदिन मॉनीटरिंग करने तथा विभागीय योजनाओ/इंडीकेटर्स में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की जिस कारण रैंक खराब हुई उनका प्राथमिकता से ध्यान देकर सुधार किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में जनपद की रैंकिंग खराब न हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि वे दायित्व के साथ कार्य करके लक्ष्यों को पूरा करें, ताकि रैंकिंग में अपेक्षित सुधार आ सके।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप निदेशक कृषि, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला पर्याटन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, एलडीएम, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अधिशासी अभियंता जल निगम आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस लाइन में विशेष किशोर पुलिस इकाई व थाना एचटीयू की मासिक समीक्षा बैठक हुई




वेलकम इंडिया

**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में पुलिस लाइन स्थित मनोरंजन कक्ष में विशेष किशोर पुलिस इकाई व थाना एएचटी की मासिक समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया । बैठक-कार्यशाला के दौरान महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी एसपीओ अनुसंधान एवं थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी-विवेचक के समक्ष आ रही समस्याओं, पीडिता के आवासन, बाल गुमशुदा, बाल श्रम, नशामुक्त अभियान, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, नारी शक्ति, किशोर न्याय अधिनियम 2015 में हुये नवीनतम संशोधान, पोक्सो एक्ट के अभियोग पंजीकृत करने के 24 घण्टे के अन्दर सीडब्ल्यूसी को सूचित करना, पोक्सो के मामले में फार्म ए व बी पुलिस द्वारा भरा जाना, बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य और दिशा निर्देश का पालन, जेजे एक्ट के अन्तर्गत सामाजिक पृष्ठभूमि, न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड में पुलिस अधिकारी सादे वस्त्र में आने, जेजे एक्ट की धारा 24, पोक्सो तथा जुबेनाइल से सम्बन्धित अभियोगो में प्रेस विज्ञप्ति देते समय पीडिता, बाल अपचारी की फोटो व व्यक्तिगत जानकारी को गोपनीय रखा जाये आदि के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी । उक्त बैठक-कार्यशाला में जिला प्रोवेशनल अधिकारी कार्यालय से दीपक चौहान, स्वस्थ विभाग से डा ललित प्रताप सिंह , जेजे बोर्ड से हरि मोहन शर्मा, सीडब्ल्यूसी सदस्य भानु प्रताप सिंह , विशेष किशोर पुलिस इकाई से तेजवीर सिंह आदि एवं जनपद के समस्त थानों के बाल कल्याण अधिकारी-सहायक बाल कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

# हाई टेंशन लाइन का तार टूटने से बड़ा हादसा होने से टला

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** बुधवार की सुबह नुमाइश मार्ग में विद्युत विभाग की हाईटेंशन लाईन में शार्ट सर्किट होने से तार में आग लग गई।अचानक तार टूटने से सड़क पर इस दौरान आतिशबाजी जैसी होती रही जिससे आसपास भगदड़ मच गई। सुबह के समय होने से नगर में भीड़भाड़ कम होने से बड़ा हादसा टल गया। अन्यथा बढ़ी घटना हो सकती थी। सड़क में विद्युत लाइन का तार टूटने के बाद करेंट की चिंगारी से आसपास के लोग भयभीत हो गए।जिसके बाद तत्काल इसकी सूचना विद्युत गृह में दी गई।सूचना के बाद लाइन बंद कराई गई तथा टूटे हुए तार को जोड़कर ऊर्जा निगम ने लाईन सुचारू कर दी है।

नुमाईखेत मार्ग पर बुधवार की सुबह करीब सात बजे बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट हो गया। शॉर्ट सर्किट होते ही तार ने आग पकड़ ली तथा जलता तार नीचे सड़क पर गिर गया। इस कारण आसपास रह रहे लोगों में हड़कंप मच गया। उन्होंने इसकी सूचना ऊर्जा निगम को दी। सूचना के बाद निगम ने लाइन काटी। जहां पर तार गिरा है वह तंग रास्ता है तथा वहां हर वक्त लोगों की भीड़ रहती है। यदि दिन के समय यह तार गिरता तो बड़ा हादसा भी हो सकता था। बता दें कि इसी मार्ग से नगर पालिका कार्यालय जाने के साथ ही विभिन्न मोहल्लों व स्कूलों को आवागमन रहता है। सुबह का समय होने के कारण उस वक्त आवागमन काफी कम था। आसपास के व्यवसायियों ने इसकी सूचना विद्युत विभाग को दी। जिस पर विभाग ने लाईन से करंट हटाया तथा मरम्मत की। इधर एसडीओ आनंद खोलिया ने बताया कि उत्तरायणी मेले के दौरान क्षेत्र में लगाए गए ट्रांसफार्मर में स्वीकृत भार से अधिक विद्युत लोड बड़ गया था, नुमाईशखेत के पास लगा400 ह्य५ के ट्रांसफार्मर के लोड को कम करने के लिए एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है।क्षतिग्रस्त लाइन ठीक कर विद्युत व्यवस्था सुचारू कर दी गई है।

# जिलाधिकारी ने तहसील एवं ब्लॉक कार्यालय बागेश्वर का वार्षिक निरीक्षण

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बुधवार को तहसील एवं ब्लॉक कार्यालय बागेश्वर का वार्षिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने ई-ऑफिस को बढ़ावा देते हुए कार्मिकों की उपस्थिति बायोमैट्री से सुनिश्चित कराने एवं तहसील परिसर में साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने राजस्व लेखाकार अनुभाग का निरीक्षण करते हुए उत्तराधिकार, दाखिला खारिज एवं राजस्व वादों सहित अन्य सभी प्रकार के मामलों का त्वरित निस्तारण करने, वसूली की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए विभिन्न प्रकार के बकाएदारों से शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने, एक सप्ताह के भीतर वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। आरके अनुभाग के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने



उत्तराधिकार, दाखिला खारिज, खतौनी आदि मामलों को देखा। अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सर्विस बुक, एनपीएस व जीपीएफ बुक के निरीक्षण में सभी बुके अपडेट मिली। जिलाधिकारी ने तहसील कार्यालय के विभिन्न अनुभागों की फाइलों को बारीकी से जांचा और कार्यालय लिपिकों से जानकारी प्राप्त की।उन्होंने मॉर्डन रिकार्ड रूम का भी निरीक्षण किया। तहसील के बरामदे सहित अन्य स्थान पर खुली हुई बिजली की तारो को सही कराने, खुले विद्युत तारों से कभी भी शार्ट सर्किट का खतरा होने व कभी भी करेंट लगने की संभावना बने रहने के कारण उन्हें सुव्यवस्थित करने के साथ ही अग्निशमन उपकरण भी स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसील परिसर में स्थापित होर्डिंग व बोर्ड पर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सब रजिस्ट्रार, ई- डिस्ट्रिक्ट अनुभाग, जिला पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया। वही उपजिलाधिकारी कार्यालय में निरीक्षण के दौरान कार्यालय में एक कक्ष में अलमारी बन्द होने पर कारण पूछने पर अलमारी कई वर्षों से बंद होने की बात कही गई।

## नौकरी के नाम पर युवक से चार लाख रुपये ठगे

**धामपुर (बिजनौर)।** दिल्ली के मुखर्जी नगर निवासी एक महिला सहित तीन लोगों ने नौकरी लगवाने के नाम पर धामपुर जैतरा निवासी युवक से चार लाख रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने रिपोर्ट कायम कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव मौजमपुर जैतरा निवासी मनीष पुत्र दुर्गा सिंह ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। साल 2023 में उसकी मुखर्जी नगर निवासी आदी बत्रा पुत्र जतिन बत्रा, उसकी मां संगीता बत्रा और एक अन्य व्यक्ति इंदर अरोड़ा से मुलाकात हुई। आरोपियों ने उसे सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा दिया। परिजनों की रजामंदी से उसने यह मामला 10 लाख के स्थान पर पांच लाख रुपये में तय लिया। आरोप है कि इनमें से चार लाख की नकदी उन्होंने संबंधित लोगों को दे दी। दो साल बीतने के बाद भी नौकरी नहीं लगी तो उसने अपनी रकम को वापस मांगी।

# इग्नू के बी.एस.ए. कॉलेज मथुरा केंद्र पर नए सत्र के प्रवेश शुरू, 31 जनवरी 2025 अंतिम तिथि

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने शैक्षिक सत्र 2025 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थी डिप्लोमा, स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है।

बी.एस.ए. कॉलेज इग्नू अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रो. डॉ मधु त्यागी ने बताया कि इच्छुक छात्र इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट ६६६.ॅल्लङ्ख४.ूल्ल पर जाकर समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया और पाठ्यक्रम से जुड़ी विस्तृत जानकारी महाविद्यालय की वेबसाइट ६६६.ुंङ्ख्रल्लीं.ूङ्क.ल्ल पर भी उपलब्ध है। इग्नू के अंतर्गत छात्र किसी अन्य विश्वविद्यालय में अध्ययनरत होते हुए भी इग्नू के पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं। यह उन छात्रों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है जो अपनी शिक्षा को नए आयाम देना चाहते हैं। अधिक जानकारी के लिए छात्र बी.एस.ए. कॉलेज, मथुरा स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र में संपर्क कर सकते हैं। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. रवीश शर्मा ने बताया कि प्राचार्य प्रो डॉ. ललित मोहन शर्मा के निर्देशन में यह सूचना जारी की गई है, जिससे अधिकतम छात्र-छात्राएं इस अवसर का लाभ उठा सकें।

## जिलाधिकारी में मत्स्य विभाग ली समीक्षा बैठक

**बागेश्वर**, मत्स्य पालन के माध्यम से किसानों की आर्थिकी को मजबूत करने को लेकर अगले पांच साल का प्लान क्लस्टर आधारित बनाया जाएगा। जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने मत्स्य विभाग की समीक्षा करते हुए मत्स्य पालन को बढ़ावा देने और किसानों की आर्थिकी को मजबूत करने को लेकर ठोस प्लान बनाने के निर्देश दिए। तथा प्लान बनाने के लिए विशेषज्ञों का भी सहयोग लेने को कहा। जिलाधिकारी ने क्लस्टर आधारित प्लान में महिला स्वयं सहायता समूहों को भी जोड़ने के निर्देश दिए। सहायक निदेशक मत्स्य बैठक में पूरी तैयारी के साथ नही आने और क्लस्टर की जानकारी नही होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़ी फटकार लगायी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में जहां ट्राउट मछली उत्पादन की ज्यादा संभावना है ।

# दीवान इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के तत्वाधान में त्रैमासिक कंप्यूटर सर्टिफिकेट कोर्स का हुआ शुभारंभ

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह




मेरठ/दीवान इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट स्टडीज एवं शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम, मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में 29 जनवरी 2025 से त्रैमासिक कंप्यूटर सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ प्राचार्य प्रो॰ अंजू सिंह के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम के संयोजक डॉ आशीष पाठक ने कहा कि कंप्यूटर दक्षता आज के तकनीकी युग में उनके व्यावसायिक उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण है। तदोपरांत प्राचार्य प्रो अंजू सिंह ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए समय समय पर उन्हें इस प्रकार के व्यावसायिक प्रशिक्षणों का लाभ प्रदान करने का भी आश्वासन दिया ।कार्यक्रम का संचालन डॉ ऊषा साहनी द्वारा एवं आभार डॉ ऋचा राणा द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में डॉ सत्यपाल सिंह राणा डॉ राम चंद्र सिंह डॉ दीपा गुप्ता डॉ गौरी एवं दीवान इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमैंट स्ट्डीज मेरठ से डॉ मुनेंद्र कुमार एवं अजय चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा साइकलिस्ट दिखाएंगे अपना दमखम



वेलकम इंडिया

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित 38 वे राष्ट्रीय खेलों का आयोजन उत्तराखंड में किया जा रहा है इन खेलों में हरियाणा साइकलिंग टीम के खिलाड़ी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए तैयार है हरियाणा राज्य साइकलिंग संघ के महासचिव नीरज तंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 जनवरी से रोड साइकलिंग में हरियाणा के साइकिलिस्ट अपना दम कम दिखाएंगे। वही ट्रैक तथा माउंटेन बाइक इवेंट में भी हरियाणा के साइकिलिस्ट अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए तैयार है ।उन्होंने बताया कि इन तीनों इवेंट में हरियाणा के 30 साइकलिस्ट हिस्सा लेंगे जबकि तीनो टीमें अपने प्रशिक्षको तथा प्रबंधको के साथ रवानगी करेंगी। उन्होंने हरियाणा सरकार की सरहाना करते हुए कहा कि सरकार खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा रही है और अच्छी खेल नीति के तहत आज हरियाणा के खिलाड़ी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन भी कर रहे हैं। वहीं उन्होंने बताया कि हरियाणा ओलंपिक संघ एवं खेल विभाग हरियाणा मिलकर इस आयोजन में अपनी भूमिका निभा रहा है एमटीवी साइकलिंग में खिलाड़ी के रूप में सिवेन रिंकी भारती और नीति रानी का चयन किया गया है जबकि इस टीम के साथ प्रबंधक देवेंद्र सिंह प्रशिक्षक सोमवीर तथा नेहा सैनी जाएगी ,रोड इवेंट में खिलाड़ी रमन पुनीत मनजीत कुमार हिमांशी निशा मीनाक्षी अंशु देवी रुचिका तथा मनजीत कुमार होंगे वहीं टीम प्रबंधन के रूप में जगदीश चंद्र प्रशिक्षक अशोक कुमार सुमन तथा मैकेनिक की भूमिका में निर्मल सिंह जाएंगे।ट्रैक इवेंट में खिलाडी अनिल मंगलाव नीरज कुमार सुशांत मनजीत कुमार गौतम रितेश कौशिक रणजीत सिंह जितेंद्र अहलावत हिमांशी सिंह मीनाक्षी पारुल निशा ज्योति अंशु देवी होगी इस टीम के प्रबंधक सुनील कुमार प्रशिक्षक पंजाब सिंह ओंकार सिंह जगजीत कौर तथा मैकेनिक अक्षित वर्मा होंगे। हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष पूर्व मंत्री संदीप सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई दी और हरियाणा प्रदेश के लिए पदक लाने का भी आह्वान किया हरियाणा साईकलिंग संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर हरियाणा टीम के मुख्य कंटिजेंट के रूप में जाएंगे।

# बागेश्वर की बेटी ने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर उत्तराखंड को दिलाया पहला पदक

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** देहरादून में आयोजित38वे राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन में उत्तराखंड पुलिस में कार्यरत बागेश्वर की बेटी और कांडा सुनारगांव निवासी ज्योति वर्मा ने अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाते हुए प्रतियोगिता में राज्य के लिए पहला पदक प्राप्त किया है। कांडा तहसील के सुनारगांव निवासी ज्योति वर्मा ने वुशु के चेंगकुवान इवेंट में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता है।ज्योति की सफलता पर जिलेवासियों में खुशी की लहर है।वही लोगों ने कहा कि जिले में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है।प्रत्येक क्षेत्र में बागेश्वर के युवा खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। ज्योति की सफलता के बाद खेल प्रेमियों में उत्साह है।वही कांस्य पदक विजेता की इस उपलब्धि पर बागेश्वर विधायक पार्वती दास, कपकोट विधायक सुरेश गड़िया, पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, पूर्व विधायक ललित फर्श्वाण, जिपं प्रशासक बसंती देव सहित डीएम आशीष भटगाई, एसपी चन्द्रशेखर घोड़के सहित पत्रकार और समाजसेवी परसीलाल वर्मा आदि ने प्रशंसा व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# जाट महासभा की बैठक में समाज में फैली इन कुरीतियों को दूर करने का लिया संकल्प

**वेलकम इंडिया**




**मोदीनगर।** मुरादनगर के गांव चित्तौड़ा में चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी के आवास पर एक अखिल उत्तर प्रदेश जाट महासभा की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल उत्तर प्रदेश जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अमन सिंह का चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल उत्तर प्रदेश जाट महासभा के द्वारा जोरदार स्वागत किया। गया कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबा परविंदर आर्य व संचालन अरुण चौधरी भुल्लन ने किया इस अवसर पर चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी प्रदेश उपाध्यक्ष व राजबहादुर चौधरी को सदस्य पद का प्रदेश अध्यक्ष अमन सिंह व प्रदेश महामंत्री हरबीर सुमन के द्वारा? मनोनयन पत्र सोपा। प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अमन सिंह ने कहा समाज में फैली इन कुरीतियों को बाहर निकलना होगा। प्रदेश उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह बिड्डी व वीरपाल मलिक ने कहा समाज में जो आपस में तनाव बनते हैं, झगड़े होते हैं। समाज की जिम्मेदारी बनती है कि हम बैठकर उनको दूर काराये और जाट समाज के विवाद यदि दूसरे समाज के साथ हैं उनके भी हम फैसले काराये। जिससे झगड़ों से बचें कोर्ट कचहरी से बचें वहां जो खर्चा होता है उसे अपने बच्चों के विकास पर लगाएं। इस अवसर पर एचपी सिंह परिहार पूर्व मेयर आशु वर्मा, चौधरी तेजपाल सिंह, कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष कृष्णवीर सिंह, सुधन रावत, अशोक चौधरी, अजय प्रमुख, अजयवीर चौधरी डा, जे बी एस चिकारा, नरेश सिरोही, मोहित प्रमुख,रविंद्र चौधरी, राहुल चौधरी डैनी, पूर्व आई ऐ एस ओमबीर सिंह बीरवाल पूर्व डिप्टी एसपी एस एस लोर, वंदना चौधरी, सुमन चौधरी, गजेंद्र पायल, रविंद्र तेवतिया, रूपेश पूनिया सतीश नेहरा, सुभाष चौधरी, प्रदीप मुखिया,कपिल चौधरी,बिट्टू खंजरपुर, चौधरी दिलावर सिंह,बॉबी मांड्या, रॉकी चौधरी,विनय फखराना,लीलू फफराना,योगेश फफराना, सतीश राठी, वीर सिंह सलेमाबाद वीर सिंह विनोद काजमपुर रामू डायरेक्टर, चौधरी अजीत सिंह प्रधान,बॉबी प्रधान, अरुण प्रधान, रविंद्र प्रधान, अल्स्टन प्रधान, जितेंद्र प्रधान, सुंदरपाल प्रधान,चांद सिंह प्रधान, भूपेंद्र प्रधान, चौधरी समरजीत सिंह, हरेंद्र फौजी, सतीश तेवतिया, गोविंद तेवतिया, आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।

# मोदी कॉलेज के छात्रों का रोटरी क्लब करियर काउंसलिंग में प्रतिभाग



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद में प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज के छात्रों ने रोटरी क्लब गाजियाबाद के करियर काउंसलिंग में प्रतिभाग किया था। उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया। रोटरी क्लब के प्रेसिडेंट, हिमांशु बंसल अंजली बंसल , नितिन गुप्ता वर्षा गुप्ता ,अभिनव मेहता तन्वी मित्तल ,रंजीत खत्री नूपुर खत्री की अध्यक्षता में हिंदी भवन लोहिया नगर गाजियाबाद में करियर काउंसलर गौरव त्यागी डायरेक्टर करियर काउंसलिंग फाउंडेशन ने छात्रों के करियर से रिलेटेड बहुत सारी करियर ऑप्शंस को बहुत डिटेल से समझाया उन्होंने बताया कि बच्चों के लिए आईआईटी ,नीट मेडिकल के अलावा भी बहुत सारे ऑप्शंस हैं। विद्यालय के 68 छात्रों ने प्रतिभाग कियावहीं छात्रों ने लकी कूपन के आधार पर स्कूल बैग भी जीते सभी छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने प्रिंसिपल डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल और रसायन विज्ञान प्रवक्ता श्री राजीव कुमार वर्मा का भी धन्यवाद किया और उन्हें मोमेंट और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।बच्चों को साइबर अपराध के बारे में बच्चों को बहुत विस्तार पूर्वक समझाया। प्रधानाचार्य ने बताया कि हिमांशु बंसल छात्रों के लिए बहुत श्रेष्ठ कार्य कर रहे हैं इसे छात्रों को बहुत अधिक लाभ मिलेगा।

# निर्वाण फाउंडेशन के कार्यकर्ता जर्जर मुख्य मार्ग को ठीक कराए जाने की मांग को लेकर देंगे धरना




**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** सामाजिक संस्था निर्वाण फाउंडेशन के कार्यकर्ता गांव अबूपुर के जर्जर मुख्य मार्ग को सही कराने की मांग को लेकर 30 जनवरी को धरना देगे। निर्वाण फाउंडेशन के संस्थापक ईश्वर चंद्र में बताया कि संस्था का कार्य जनता से जुड़े कार्यों के प्रति शासन - प्रशासन व सरकार को जगाना है। गांव अबूपुर के जर्जर मुख्य मार्ग को ठीक करने तथा गन्दे पानी से मुक्त करना है। उन्होंने बताया कि ग्राम अबूपुर में कुछ वर्षो पहले मुख्य मार्ग को बनाया गया था। जिसमे सड़क को तालाब के पास निचा कर विभाग द्वारा लापरवाही कर बना दिया गया था। जिसके कारण सड़क जगह से टूट गई ।सड़क टूटी होने के कारण आने जाने वाले गांव वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही दुर्घटनाएं भी आए दिन हो रही है।

# भीड़ प्रबंधन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर।** मुल्तानीमल मोदी कॉलेज, मोदीनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 10 स्वयंसेवकों ने छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना निवाड़ी, गाजियाबाद में भीड़ प्रबंधन के अभ्यास का प्रशिक्षण प्राप्त किया ।इस कार्यक्रम में समद, तेजस्विनी, अंकित, दीपा, आदित्य, नीतू, रिया, साक्षी, लक्ष्य, सानिया और वंशिका पिछले 10 दिनों से सक्रिय रूप से प्रतिभाग कर रहे हैं और पुलिस प्रशासन के विभिन्न कार्यों को नजदीक से समझ रहे हैं।इस प्रशिक्षण के दौरान, स्वयंसेवकों ने भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, आपातकालीन स्थितियों में त्वरित कार्रवाई और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के गुर सीखे। प्राचार्य प्रो. दीपक अग्रवाल, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी राज कुमार और कार्यक्रम समन्वयक एवं गाजियाबाद नोडल अधिकारी डॉ. अमर सिंह कश्यप ने स्वयंसेवकों को इस महत्वपूर्ण अनुभव के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके प्रयासों की सराहना की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को पुलिस प्रशासन की व्यावहारिक जानकारी देना, कानून-व्यवस्था बनाए रखने की प्रक्रिया को समझाना और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है ।राष्ट्रीय सेवा योजना और गाजियाबाद पुलिस के इस संयुक्त प्रयास से छात्र समाज में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा भाव को और अधिक सशक्त रूप से अपनाने के लिए प्रेरित होंगे।

# पिताजी की स्मृति में गुप्ता ब्रदर्स ने समर्पित की शहर वासियो को एम्बुलेंस




**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** श्री रामकिशन गुप्ता का स्वर्गवास गत माह 3 दिसम्बर को हो गया था ।उनकी श्रद्धांजलि सभा में उनके परिवारजनों द्वारा शहरवासियों के लिए एक एम्बुलेंस देने की बात कही गयी। शहर में एक सामाजिक संस्था जो निष्काम भाव से चिकित्सा सेवायें शहरवासियो व क्षेत्रवासियों को दे रही है ।वो निष्काम सेवक जत्था है। परिवार ने निर्णय लिया कि निष्काम सेवक जत्था को इस एम्बुलेंस को श्री रामकिशन गुप्ता जी की स्मृति मे भेट की जाए। निष्काम सेवक जत्था ने इस प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार किया। लगभग सवा महीने के प्रत्यन के बाद आज अनिल गुप्ता, नवीन गुप्ता व सुशील गुप्ता ने यह एम्बुलेंस शहर वासियो के लिए निष्काम सेवक जत्था को समर्पित करी। एम्बुलेस का पदार्पण शहर विधायक डा. मन्जु शिवाच ने गुप्ता बदर्स, भाजपा के वरिष्ठ नेता पवन सिंघल, पूर्व विधायक व भाजपा नेता,पंडित सुदेश शर्मा व नगरपालिका चेयरमैन अध्यक्ष विनोद कुमार वैशाली, वरिष्ठ समाजसेवी चानन लाल ढीगरा,निष्काम सेवक जत्था के अध्यक्ष जसमीत सिंह,महेश तायल,डा. मुकेश गर्ग, आकाश शर्मा, के साथ मिलकर किया। अनिल गुप्ता ने बताया कि इस एम्बुलेंस की सुविधा शहर का हर परिवार ले पायेगा।इसके लिए रोगी का परिवार निष्काम सेवक जत्था के जसमीत सिंह से सम्पर्क कर सकता है ।इस अवसर पर शहर कई गणमान्य व्यक्ति के साथ सुनीता शर्मा, राधिका गुप्ता, अनुप्रीत कौर श्री वैश्य कुटुम्ब की महिलाये उपस्थित रहीं।

# डिंपल यादव कल अयोध्या में करेंगी रोड शो

**वेलकम इंडिया**



**अयोध्या।** जनपद की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में समाजवादी पार्टी ने अपनी स्टार प्रचारक और सांसद डिंपल यादव को मैदान में उतारा है।डिंपल यादव कल सुबह 10 बजे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचेंगी, जहां समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उनका भव्य स्वागत करेंगे।

सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव के अनुसार, डिंपल यादव मिल्कीपुर से कुमारगंज तक रोड शो करेंगी। रोड शो में सपा की अन्य महिला नेता स्टार प्रचारक इकरा हसन, रागिनी सोनकर और प्रिया सरोज भी शामिल होंगी। इस दौरान वह पार्टी प्रत्याशी अजीत प्रसाद के पक्ष में मतदाताओं से वोट की अपील करेंगी।

मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर भाजपा और सपा के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। जहां भाजपा के मंत्री और विधायक जनसभाओं के माध्यम से अपने पक्ष में वोट मांग रहे हैं। वहीं समाजवादी पार्टी भी अपनी पूरी ताकत झोंक रही है। पार्टी कार्यकर्ता रोड शो की तैयारियों में जुटे हुए हैं। सपा नेता जनसभा नुक्कड़ सभा समेत डोर टू डोर कार्यकताओं से मिलकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं।

# मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने की खब्बू तिवारी की जमकर तारीफ

**वेलकम इंडिया**



**अमानीगंज।** मिल्कीपुर उपचुनाव में अहम भूमिका निभा रहे खब्बू तिवारी की जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जमकर तारीफ की, पूर्व विधायक खब्बू तिवारी के संयोजन में हुई जनसभा में पहुंचे स्वतंत्र देव सिंह भीड़ और उत्साह देख गदगद हो गए। कहा गारंटी से कह सकता हूं, जातिवाद क्षेत्रवाद परिवारवाद वंशवाद से ऊपर उठकर जनता जनार्दन का आशीर्वाद भाजपा प्रत्याशी को मिल रहा है।

मिल्कीपुर उपचुनाव में आज अमानीगंज में महात्मा गांधी चौराहे पर विशाल जनसभा का आयोजन किया गया इस जनसभा का आयोजन पूर्व ब्लाक प्रमुख कृष्ण केवल मिश्रा व शीतल बाजपेई के द्वारा किया गया जिसमें मुख्य अतिथि गोसाईगंज के पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू तिवारी रहे। जनसभा में ऐतिहासिक भीड़ हुई जिसमें ब्राह्मण समाज के अलावा सर्व समाज के लोग थे। खब्बू तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि विगत 25-30 वर्षों से मेरा मिल्कीपुर से बहुत गहरा नाता है। मिल्कीपुर की जनता के मान सम्मान के लिए हमेशा हम तत्पर रहते हैं। हमें पता है कि मिल्कीपुर के लोग मेरे दुख में दुखी और सुख में खुशी होते हैं। कहा जब तक मेरी सांस है तब तक आपके मान-सम्मान पर कहीं से कोई आंच नहीं आने देंगे।

# डीजीआर पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के लिए भव्य फेयरवेल पार्टी का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** डीङ्ग जीङ्ग आरङ्ग पब्लिक स्कूल, पतला में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर गगन और पायल को क्रमशः मिस्टर तथा मिस डीङ्ग जीङ्ग आरङ्ग के शीर्षक से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमैन गुलबीर सिंह ने की, जिन्होंने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। वहीं, प्रधानाचार्या डॉङ्ग सोनल चौधरी ने छात्रों को प्रेरणादायक शब्दों के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस शानदार आयोजन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, प्रेरणादायक भाषण और मनोरंजक गतिविधियाँ शामिल रहीं, जिनमें सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों ने अपने स्कूल जीवन की यादें साझा कीं और शिक्षकों ने उन्हें जीवन में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एनङ्ग सीङ्ग सीङ्ग ऑफिसर गुड्डू गुप्ता शिक्षक रचना शर्मा, ऊशनलता, पूनम और सचिन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और विश्वास व्यक्त किया कि वे जीवन में सफलता प्राप्त कर स्कूल तथा अभिभावकों का नाम रोशन करेंगे

# अयोध्या को जल्द मिलेगा रामायण विश्वविद्यालय, निर्माण कार्य में तेजी



**वेलकम इंडिया**

**अयोध्या।** अयोध्या में रामायण के आदर्शों और भारतीय संस्कृति प्राचीन शिक्षा पद्धति को आधुनिक तरीके से स्थापित करने के उद्देश्य से, महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। 2025 में इस विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

विश्वविद्यालय के निमार्णाधीन भवनों का कार्य अब अपने अंतिम चरण में है। इनमें से कई इमारतें पूरी तरह बनकर तैयार हो चुकी हैं और अब उनमें फिनिशिंग का काम चल रहा है।इन भवनों के नाम रामायण के पात्रों पर आधारित होंगे, जिससे

- 2025 में इस विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

परिसर को पौराणिक और सांस्कृतिक पहचान मिलेगी। यह विशेषता विश्वविद्यालय को अन्य संस्थानों से अलग बनाएगी। रामायण विश्वविद्यालय में सभी प्रकार के पारंपरिक और आधुनिक पाठ्यक्रमों को शामिल किया जाएगा। यहां भारतीय संस्कृति, वेद, उपनिषद, आयुर्वेद, योग, धर्मशास्त्र के साथ-साथ आधुनिक विषय जैसे इअ, छछइ, इ.२ू, इ.ङ्के , ट.ङ्के, और भी टेक्निकल और नॉन टेक्निकल जैसे पाठ्यक्रम का भी अध्ययन कराया जाएगा। महर्षि संस्थान विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए पूरी तरह सक्रिय हैं। माना जा रहा है कि यह विश्वविद्यालय अयोध्या के विकास और सांस्कृतिक महत्व को और बढ़ाएगा। साथ ही, यहां पढ़ने आने वाले छात्रों और शोधकताओं को भारतीय संस्कृति के गहन अध्ययन का एक अनूठा अवसर मिलेगा। रामायण विश्वविद्यालय का निर्माण न केवल शिक्षा के क्षेत्र में अयोध्या को एक नई पहचान देगा, बल्कि यह पूरे देश और विदेश से आने वाले छात्रों और विद्वानों को अपनी तरफ खींचेगा। आने वाले समय में यह विश्वविद्यालय भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा का एक प्रमुख केंद्र बनेगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक हुई

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद**। दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा आईएएस की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु बैठक आहूत हुई।

बैठक के दौरान उद्योग बन्धुओं के एजेन्डा का जीएमडीआईसी श्री श्रीनाथ पासवान द्वारा जिलाधिकारी महोदय के सम्मुख रखा गया। जिसमें बुलंदशहर रोड एवं कवि नगर औद्योगिक क्षेत्र में मिनी फायर स्टेशन की स्थापना के संबंध में क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीएसआइडीए गाजियाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि स्वदेशी पॉलिटिक्स कंपाउंड में मिनी फायर स्टेशन हेतु अग्निशमन विभाग के पक्ष में भूमि का आवंटन एवं लीज डीड पंजीकरण की कार्रवाई पूर्ण की जा चुकी है। अग्निशमन विभाग द्वारा डीपीआर प्रस्तुत करने के उपरांत मानक के अनुसार हमेशा स्वदेशी पॉलिटिक्स द्वारा मिनी फायर स्टेशन हेतु बिल्डिंग का निर्माण कराया जाना है। जिलाधिकारी द्वारा मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद को निर्धारित मानकों के अनुसार फायर स्टेशन की स्थापना के संबंध में डीपीआर संबंधित इकाई को उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में सौर ऊर्जा मार्ग पर स्थित बृज विहार पुलिया के निर्माण के संबंध में बैठक में उपस्थित अधीक्षण अभियंता विद्युत नगरीय वितरण मंडल द्वितीय गाजियाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त पुलिया के निर्माण के संबंध में विद्युत लाइन शिफ्टिंग का कार्य प्रगति पर है। उक्त कार्य समाप्त होने के उपरांत यूपीएसआईडीए द्वारा पुलिया का निर्माण कराया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा उपमहा प्रबंधक सिविल यूपीएसआईडीए को निर्देशित किया गया कि वे विद्युत लाइन शिफ्टिंग का कार्य समाप्त होते ही पुलिया का निर्माण प्रारंभ करा दें। ईएसआई हॉस्पिटल साहिबाबाद में श्रमिकों को प्रदान की जाने वाली चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद की जांच के उपरांत जांच टीम एवं ईएसआईसी द्वारा उपलब्ध कराई गई रिपोर्ट में भिन्नता पाए जाने पर जिलाधिकारी द्वारा असंतोष प्रकट किया गया एवं ईएसआईसी विभाग की प्रतिनिधि को निर्देशित किया।

## वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। दिनांक 29 जनवरी 2025, दिन बुधवार को 27 वर्षों से देश की सेवा करने वाले तथा 2022 में भी सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार देश के यशस्वी प्रधानमंत्री से प्राप्त करने वाले वर्तमान में गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित एनडीआरएफ के जांबाज कमांडेंट श्रीमान प्रवीण कुमार तिवारी का राष्ट्रीय व्यापार मंडल गाजियाबाद जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता के नेतृत्व में गोविंदपुरम स्थित एनडीआरएफ परिसर में पंडित अशोक भारतीय, बालकिशन गुप्ता, रितेश शर्मा, सौरभ यादव आशु पंडित, डॉक्टर सोनिका शर्मा, संदीप त्यागी रसम, ज्योति तोमर, राजीव त्यागी राज राजीव अग्रवाल वीरेंद्र कंडेरे डा गौरव सैनी आदि पदाधिकारीयो ने श्रीमदभगवद गीता स्मृतिचिन्ह देकर पटका व माला पहनकर तथा पौधा भेंटकर सम्मानित किया।

तथा श्रीमान पी के तिवारी जी के नेतृत्व में देश-विदेश में 300 से अधिक बचाव कार्यों में नेतृत्व करके सैकड़ो जान बचाने वाले तथा 3000 से ज्यादा पीड़ित लोगों की रक्षा करने जैसे अदम्य साहसपूर्ण कार्य करने के लिए साधुवाद दिया तथा भविष्य में इसी तत्परता से तथा मेहनत से कार्य करने का आग्रह किया राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने उनके उज्जवल भविष्य तथा उन्नति की कामना की तथा समय-समय पर भविष्य में ऐसे पुरस्कारों से सम्मानित होते रहने का आशीर्वाद भी दिया कमांडेंट श्रीमान पीके तिवारी ने विभिन्न अवसरो के संस्मरण साझा करते हुए राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया।

## महामाया स्टेडियम में लॉन टेनिस के लिए बनेगा सिंथेटिक ग्राउंड

**गाजियाबाद**। लॉन टेनिस के खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर है। महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रस्तावित दो सिंथेटिक ग्राउंड यानी कृत्रिम टर्फ कोर्ट बनाने का कार्य अप्रैल से शुरू होगा। इससे खिलाड़ियों को लाभ होगा। वे गृह जनपद में ही खेल का बेहतर अभ्यास भी कर सकेंगे। महामाया स्टेडियम में क्रिकेट, जूडो, बॉक्सिंग, फुटबॉल, बैडमिंटन और हॉकी समेत कई खेलों के खिलाड़ी रोजाना अभ्यास करने आते हैं। करीब 200 खिलाड़ी सुबह–शाम कोच की निगरानी में अपने कौशल को निखारने का प्रयास करते हैं। करीब 12 एकड़ में बने स्टेडियम में जिला खेल विभाग ने लॉन टेनिस के लिए सिंथेटिक ग्राउंड बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा था, जिसे मंजूरी मिल गई थी। अब तक इस सरकारी स्टेडियम में इस खेल के लिए अभ्यास की सुविधा न होने से खिलाड़ी निजी एकेडमी पर ही निर्भर हैं। जिला उप खेल क्रीड़ाधिकारी पूनम बिश्नोई ने बताया कि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा देने को लेकर विभाग लगातार प्रयास कर रहा। इसके तहत महामाया स्टेडियम में सुविधाओं में बढ़ोतरी को लेकर यहां प्रस्तावित दो लॉन टेनिस का सिंथेटिक ग्राउंड बनाने का कार्य अप्रैल से शुरू होगा। सरकारी स्टेडियम में इस खेल में अभ्यास करने की सुविधा होने से टेनिस के खिलाड़ियों को काफी राहत मिलेगी।

## जिलाधिकारी से मिला पेरेंट्स एसोसिएशन, शिक्षा व्यवस्था में सुधार पर चर्चा की

**गाजियाबाद**। शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने बुधवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा से मुलाकात की। इस दौरान एसोसिएशन ने आरटीई दाखिला प्रक्रिया में बड़े स्तर पर खामियों का आरोप लगा उन्हें दूर करने को लेकर चर्चा की। एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी और सचिव अनिल सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी से मुलाकात के दौरान निजी स्कूलों के कॉपी–किताब, स्टेशनरी, यूनिफॉर्म तथा फीस के नाम पर अभिभावकों से हो रही लूट के बारे में भी बताया और इस पर अंकुश लगाने का अनुरोध किया। आरटीई के अंतर्गत आने वाले स्कूलों में सीटों की सही मैपिंग करने, दाखिला नहीं लेने वाले स्कूलों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने की भी अपील की। साथ ही प्रदेश सरकार के माध्यम से आरटीई के दाखिले आठवीं से बढ़ाकर 12वीं तक करवाने का सुझाव देने और आरटीई में आवेदन के लिए दुर्बल वर्ग की आय सालाना एक लाख से बढ़ाकर पांच लाख करने की संस्तुति का भी निवेदन किया। एसोसिएशन के मुताबिक जिलाधिकारी ने जिले की शिक्षा व्यवस्था को सुधारने और आरटीई दाखिलों को सुगम बनाने के लिए मिलकर काम करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर साधना सिंह, धर्मेंद्र यादव, पवन शर्मा, राजू, कौशलेंद्र, सुमित, नरेश, श्रीकांत, रामभूल, मीनू, राहुल आदि मौजूद रहे।

## एओए पर अनियमितता का आरोप लगाते हुए कैंडल मार्च निकाला

गाजियाबाद। इंदिरापुरम स्थित शिप्रा कृष्णा विस्टा सोसाइटी में मंगलवार रात लोगों ने एओए पर अनियमितता का आरोप लगाते हुए कैंडल मार्च निकाला। हंगामा होने पर पुलिस पहुंची। हालांकि शांति व्यवस्था बनी रही। लोगों ने सोसाइटी के अंदर मार्च किया और एक जगह इकट्ठे होकर कहा कि एओए अलग अलग फंड के नाम पर पैसा लेकर दुरुपयोग कर रही है। सवाल उठाने वाले रेजिडेंट्स को डराया, धमकाया जाता है। आरोप है कि अब नये फंड के नाम पर लोगों से पैसे लेने की तैयारी चल रही है। एओए उपाध्यक्ष निवेदिता तिवारी का कहना है कि एओए ने पिछले कार्यकाल में लिफ्ट, कैमरों और डीजी का कार्य कराया। अब सोसाइटी में अग्निशमन उपकरण, पेयजल व सीवर लाइन जर्जर है। शीपेज के कारण इमारत में भी पुताई का काम होना है। इसके लिए दो फरवरी को एजीएम बुलाई है। बैठक में लोग सहमति देंगे तो ये कार्य कराए जाएंगे। लोगों के प्रदर्शन को लेकर उन्होंने कहा कि कुछ लोग राजनीति के तहत सोसाइटी के कार्य अटकाने का प्रयास कर रहे हैं। अनियमितता समेत तमाम आरोप बेबुनियाद हैं।

## रविंद्र यॉर्क एकेडमी ने एपीएस ग्रुप को 44 रनों से दी मात

गाजियाबाद। नेहरू नगर स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जा रहे आठवां कार्पेडियम बीआर शर्मा ट्रॉफी में बुधवार को मैच में रविंद्र यॉर्क क्रिकेट एकेडमी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एपीएस ग्रुप को 44 से शिकस्त दी। मैच में 152 रन की शानदार पारी खेलने के साथ तीन विकेट भी लेने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। नेहरू स्टेडियम में टॉस जीतकर रविंद्र यॉर्क क्रिकेट एकेडमी पहले बल्लेबाजी करते हुए 37.3 ओवर में 376 रन बनाकर आउट हो गई। उसकी तरफ से कार्तिकेय राणा ने 152 रन की बेहतरीन पारी खेली। इसके अलावा वरुण यादव ने भी शतक जमाते हुए 131 रन, मोहित ने 23 और सोहेल ने 20 रन बनाए। दिनेश ने घातक गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट और कल्याण ने दो विकेट लिए। लक्ष्य को हासिल करने उतरी एपीएस ग्रुप की टीम 40 में आठ विकेट पर 332 रन ही बना सकी। उसकी तरफ से अनुज राज ने 73, वेरॉन ने 67, अभिषेक ने 57 रन बनाए। कार्तिकेय ने तीन विकेट और पीयूष ने दो विकेट लिए। 152 रन की पारी खेलने के साथ तीन विकेट लेने भी के लिए कार्तिकेय राणा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# एसडीएम मोदीनगर डॉ.पूजा गुप्ता आईएएस ने भोजपुर क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। तहसील मोदीनगर की एसडीएम डॉ.पूजा गुप्ता आईएएस द्वारा भोजपुर क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने पाया कि भोजपुर में अवैध रूप से खनन किया जा रहा है। अधिक छानबीन करने पर ज्ञात हुआ कि यह भोजपुर का खसरा नम्बर-268, 278 है। एसडीएम महोदया द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर अवैध खनन करने वाली एपीएस कम्पनी की 10 डंपर गाड़िया, 2 पॉकलैंड व 1 ग्रेडर मशीन को जब्त करते हुए मय चालकों के साथ अग्रिम कार्यवाही हेतु थाना भोजपुर के सुपुर्द ?कर दिया गया। उन्होने बताया कि एपीएस कम्पनी द्वारा यहां बिना अनुमति के खनन किया जा रहा था, जो कि अवैध है। इसके साथ ही उन्होने थानाक्षेत्र के पुलिस अधिकारियों पर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होने सम्बंधित प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने–अपने क्षेत्र का निरंतर निरीक्षण करें और अवैध खनन सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने का कार्य करें। उन्होने कहा कि अवैध खनन करने व कराने वालों पर कड़ी कार्रवाही की जाए।

औचक निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से श्री सचिन पंवार नायब तहसीलदार भोजपुर, श्री आलोक गुप्ता राजस्व निरीक्षक, श्री गौरव मलिक लेखपाल, श्री गौरव भारद्वाज लेखपाल, रितु लेखपाल, श्री सुबोध लेखपाल, श्री संदीप कुमार पेशकार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कोहरे के चलते टकराए 65 वाहन, कई लोग घायल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। गाजियाबाद में घने कोहरे की वजह से बुधवार को कोहराम मच गया। पेरिफेरल हाईवे और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर सुबह दो जगहों पर दर्जनों गाड़ियों की आपस में टक्कर हो गई। पेरिफेरल हाईवे पर जहां करीब 40 गाड़ियां आपस में टकरा गईं तो दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर 25 गाड़ियों की भिड़ंत हो गई। दोनों हादसों में कई लोगों के जख्मी होने की सूचना है। दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर गांव कलछीना के पास बुधवार सुबह 9 बजे के आसपास कोहरे के चलते 25 से अधिक गाड़ी आपस में भिड़ गईं। हादसे में गाड़ियों में सवार एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। एक्सप्रेस वे पर जाम जैसी स्थिति बन गई। पुलिस वाहनों को हटाने में लगी रही। अधिक कोहरा होने के चलते परेशानी का सबब बना हुआ है। दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर बुधवार सुबह 9 बजे के आसपास अचानक एक वाहन ने ब्रेक लगा दिए। जिसके बाद एक के बाद एक 25 वाहन टकराते चले गए। हादसा इतना भंयकर था कि चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही एनएचआईए के कर्मचारी व भोजपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अन्य लोगों की मदद से लोगों को वाहनों से बाहर निकाला।

## डेटिंग ऐप पर दोस्ती पड़ी भारी, 12.60 लाख रुपए की ठगी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। डेटिंग ऐप के माध्यम से एक युवती के संपर्क में आए युवक को ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर 12.60 लाख रुपए की साइबर ठगी की गई। इस मामले में शिकायत पर साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित गौर ग्लोबल विलेज सोसायटी में रहने वाले अलंकार जौहरी ने पुलिस को बताया कि अमोर नाम की डेटिंग एप पर उनका अकाउंट है।

अगस्त 2024 में इस डेटिंग एप के माध्यम से वह आदविका नाम की युवती के संपर्क में आए, उस युवती ने अपना असली नाम साक्षी गौड़ बताया और टेलीग्राम एप पर संपर्क करने को कहा। टेलीग्राम ऐप से संपर्क करने पर युवती ने अलंकार को स्प्रीडेक्स ग्लोबल नाम की वेबसाइट पर अकाउंट बनाकर ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग करने को कहा। इसमें मुनाफा होने का लालच दिया। उसने यह भी कहा कि ऐसा करने पर वह अलंकार से मिलेगी और उसके साथ समय व्यतीत करेगी। अलंकार उसकी बातों में आ गए और 12.60 लाख रुपए युवती द्वारा बताए गए खाते में शेयर ट्रेडिंग के लिए भेज दिए। इसके बाद जब युवती से मिलने को कहा तो युवती ने उनसे और रुपए जमा करने को कहा, रुपए न जमा करने पर उसने बात करना बंद कर दिया। इसके बाद पीड़ित अलंकार को साइबर ठगी का अहसास हुआ। एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया कि शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

गौर सिद्धार्थम की अलबीना खलील ने बताया कि वाट्सएप पर उनकी मित्र मयूरी के वाट्सएप अकाउंट से एक मैसेज आया और रुपए की जरूरत बताकर 38 हजार रुपए मांगे गए। उन्होंने बताए गए अकाउंट में रुपए ट्रांसफर कर दिए, इसके बाद पता चला कि उनकी एक मित्र संगीता देवी से भी 38 हजार रुपए मांगे गए हैं। शक होने पर जानकारी की तो पता चला कि किसी व्यक्ति ने वाट्सएप अकाउंट हैक कर उन दोनों के साथ ठगी की है।

## अभूतपूर्व स्वर्णिम योजना का द्वितीय चरण जो 31 जनवरी 2025 को समाप्त हो रहा है उपभोक्ता आज ही पंजीकरण कराकर अधिकतम छूट का लाभ उठायें

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। पश्चिमाचल विद्युत वितरण निगम लि० मेरठ के अंतर्गत सभी घरेलू (एल.एम.वी.-1), वाणिज्यिक (एल.एम.वी.-2), निजी संस्थान (एल.एम.वी-4बी) एवं औद्योगिक (एल.एम.वी-6) श्रेणी के उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि० द्वारा श्एकमुश्त समाधान योजना तीन चरणों में लागू की गई है जिसमें उपभोक्ता 30 सितंबर 2024 तक के बकाये की मूल राशि का भुगतान करने पर सरचार्ज में अधिकतम छूट प्राप्त कर सकते है।

**योजना के बारे में किसी भी शंका के समाधान / अधिक जानकारी हेतु विद्युत हेल्पलाइन नंबर 1912 एवं पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि० के टोल फ्री नम्बर 18001803002 पर संपर्क करें।**

उपरोक्त योजना के अंतर्गत अब तक मेरठ प्रथम और मेरठ द्वितीय क्षेत्र से लगभग एक लाख सत्रह हजार चार सौ अड़तीस, गाजियाबाद प्रथम, गाजियाबाद द्वितीय और गाजियाबाद तृतीय क्षेत्र से लगभग अड़सठ हजार सात सौ तिरासी, बुलन्दशहर क्षेत्र से एक लाख इकतीस हजार सात सौ तिहत्तर, मुजफ्फरनगर क्षेत्र से लगभग एक लाख अठारह हजार तिरासी, सहारनपुर क्षेत्र से लगभग छिहत्तर हजार पाँच सौ अट्ठासी नोएडा क्षेत्र से लगभग तेईस हजार आठ सौ तैंतीस, मुरादाबाद क्षेत्र से लगभग एक लाख उनहत्तर हजार नौ सौ अड़सठ व गजरौला क्षेत्र से लगभग एक लाख बावन हजार चार सौ अड़तालीस बकायेदारों द्वारा पंजीकरण करा कर योजना का लाभ उठा चुके है।

योजना के अंतर्गत अब तक आठ लाख अट्ठावन हजार नौ सौ चौदह उपभोक्ताओं द्वारा पंजीकरण सरचार्ज माफी का लाभ उठा चुके हैं। अतः पश्चिमांचल विद्युत निगम लि0 के अंतर्गत आने वाले उपरोक्त श्रेणी के सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की जाती है कि अधिकतम सरचार्ज की माफी के स्वर्णिम अवसर का अधिक से अधिक संख्या में अपने निकटतम खण्ड कार्यालय में पहुँचकर योजना का लाभ उठाये। इस अभूतपूर्व स्वर्णिम योजना का द्वितीय चरण जो 31 जनवरी 2025 को समाप्त हो रहा है अतः आज ही पंजीकरण कराकर छूट का लाभ उठायें ताकि विद्युत विच्छेदन एवं भू-राजस्व के रूप में वसूली की कार्यवाही से बचा जा सके।


## वेलकम इंडिया

रात 2 बजे महाकुंभ में भगदड़ के कारण जो दुखद घटना हुई है इस घटना में जिन परिवार के लोगों ने अपनी जान गवा दी है उनके प्रति गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की पूर्ण कमेटी अपना दुख प्रकट करती है और सरकार के सहयोग के लिए हर तरीके से पूरा सिख समाज हर तरीके से तैयार है। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की कमेटी के सभी पदाधिकारी ने निर्णय लिया है की शाम को पाठ के बाद जो रोज गुरु साहब के समस्त खड़े होकर जो अरदास होती है जिसमें शरबत का भला मांगा जाता है आज की अरदास में महा कुंभ की भगदड़ में जान गंवाने वाले मृतकको के प्रति आत्मा की शांति के लिए अरदास की जाएगी ग्रंथि जी के द्वारा प्रयागराज के आसपास रहने वाली सिख संगत से भी संपर्क करके कहा गया है कि जो भी सरकार का हम इस दुख की घड़ी में परिवारों के लिए सहयोग कर सकते हैं हम लोगों को सहयोग करना चाहिए जब भी देश में कोई भी इस तरीके दुख की घड़ी आती है सिख समाज अगली पंक्ति में खड़े होकर सहयोग करने की कोशिश करता है हर करता रहेगा। इस दुख की घड़ी में पूर्ण सिख समाज सरकार के साथ हर तरीके से खड़ा है।



# जीडीए की 167 वी बोर्ड बैठक में 14 प्रस्तावों में 12 पर मोहर, आठ के बजाय 15 जोनों में बटेगा क्षेत्र

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद**। मंडलायुक्त एवं जीडीए अध्यक्ष डॉ. ऋषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में प्राधिकरण की बोर्ड बैठक मेरठ में आयोजित हुई, जिसमें 14 प्रस्तावों में 12 को मंजूरी के साथ ही बाकी दो प्रस्ताव संशोधन के साथ आगामी बोर्ड बैठक में शामिल करने का निर्णय लिया गया। प्रमुख प्रस्तावों में प्राधिकरण क्षेत्र को 15 जोन में बांटने, पेट्रोल पंप छोटे भूखंड में खोलने और वैशाली के भूखंड आवंटियों को नोटिस जारी कर तीन माह में पैसा वसूलने के साथ ही कई अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव स्वीकृत किए गए। बोर्ड बैठक में नए मास्टर प्लान 2031 के तहत रखे गए प्रस्ताव के अनुसार प्राधिकरण क्षेत्र को मौजूदा आठ जोन के स्थान पर 15 जोन में विभाजित करने की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके लिए क्षेत्र का सर्वे करने व ई टेंडर के माध्यम से सलाहकार नियुक्त करने के प्रस्ताव को बोर्ड ने स्वीकृति प्रदान की है। उच्च एवं उच्चतम न्यायालय द्वारा वैशाली योजना के लिए जीडीए द्वारा राजस्व ग्राम मकनपुर की अर्जित भूमि का प्रतिकर वृद्धि के लिए देयता की वसूली आवंटियों से किए जाने का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखा गया, जिसे स्वीकृत कर लिया गया। अब वैशाली के भूखंड आवंटियों को नोटिस जारी किए जाएंगे, जिसके बाद उनसे 2,400 रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से करीब 200 करोड़ रुपये की वसूली होगी। इसके लिए जीडीए योजना के भूखंड और फ्लैट आदि का सर्वे कर आवंटियों को नोटिस जारी करेगा। नोटिस के बाद तीन माह में रकम जमा न करने पर उन्हें डिफाल्टर घोषित कर आरसी जारी की जाएगी। प्रस्ताव पर मुहर के बाद वैशाली के आवंटियों पर आर्थिक भार पड़ेगा। भविष्य में बनने वाली बहुमंजिला इमारतों के ढांचे का प्रत्येक तीन साल में बिल्डर और हैंडओवर होने के बाद एओए आडिट कराएंगे। इस प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिल सकी। क्रेडाई सदस्यों से बातचीत के बाद इसे आगामी बोर्ड बैठक में शामिल किया जाएगा। जीडीए ने कौशांबी योजना में एक भूखंड बिल्डर को आवंटित करने बाद कब्जा देने में देरी हुई। पूरा मामला कोर्ट में गया, जिसमें स्टे भी रहा।